CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

देहरादून, रविवार 12 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 23 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुद्दा बनाया पेज 2



जीत का लक्ष्य बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी खेल टाइम्स



नुसरत का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान बॉलीवुड



ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन पेज 11

## हिजबुल्लाह का इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला

**इस्लामाबाद।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। जवाब में इजरायल ने लेबनान के कई ठिकानों पर हमला किया।

इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबरें थीं कि अमेरिका में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे पर बैठक हो सकती थी। इसी बीच, ईरान ने कहा कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# इस्लामाबाद के सेरेना होटल पर दुनिया की निगाहें

## सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू , ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

■ **बातचीत का पहला राउंड 2 घंटे तक चला, इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधाानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।



■ **मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है सेरेना होटल**

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हाल और आफिस स्पेस हैं। यहां एक साथ 150 से ज्यादा लोगों की टीम आराम से रुक सकती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज में व्यवधान के बीच ईंधन भरने अमेरिका आ रहे जहाज: ट्रम्प का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के साथ जंग के बीच ईंधन संकट को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में व्यवधान के बीच कई बड़े जहाज तेज और गैस भरवाने के लिए अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में लिखा, दुनिया के सबसे बड़े खाली तेल टैंकर बड़ी संख्या में अमेरिका की तरफ बढ़ रहे हैं। इन टैंकरों पर दुनिया के सबसे बेहतरीन और अच्छे तेल तथा गैस को लोड किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के पास दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों की तुलना में अधिक तेल भंडार है। यह तेल उच्च गुणवत्ता वाला भी है। विशालकाय खाली तेल टैंकरों के अमेरिका की तरफ बढ़ने के दावे के समर्थन में उन्होंने भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रुथ सोशल पर एक नक्शा भी साझा किया। इसके करीब आठ घंटे बाद शनिवार शाम को ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, तेल-गैस भरवाने आ रहे जहाजों में कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं।

### मोस्ट वांटेड अपराधी साहिल बैंकॉक से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के एक मोस्ट वांटेड अपराधी को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से भारत वापस लाया गया है। वह अपराधी साहिल चौहान विदेश भाग गया था। इस कार्रवाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और इंटरपोल की मदद से अंजाम दिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से हमने 10 अप्रैल को वांछित फरार अपराधी साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक भारत वापस लाने का इंतजाम किया है। हरियाणा पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में साहिल चौहान की तलाश थी। वह कुख्यात भूप्पी राणा गैंग का एक प्रमुख सदस्य है, जो हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय है। 4 जनवरी 2017 को चौहान ने कथित तौर पर जगाधरी कोर्ट परिसर यमुनानगर, हरियाणा में गैंग रंजिश के चलते मोनू राणा पर उस समय फायरिंग की थी, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया था।

# वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

## ये वैधानिक अधिकार हैं, चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं : सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये वैधानिक अधिकार हैं। यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने की जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनका स्रोत संविधान के बजाय कानूनों में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार में मूलभूत अंतर है। मतदान का अधिकार नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार अधिक कड़े नियमों और शर्तों के अधीन होता है। इसमें उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता, प्रशासनिक आवश्यकताएं और संस्थागत नियम शामिल होते हैं। इसलिए चुनाव लड़ना एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न कानूनी मानदंड लागू होते हैं। दरअसल मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से संबंधित था। इन संघों का संचालन तीन-स्तरीय ढांचे के अनुसार होता है और इनके लिए राज्य कानूनों तथा बायलाज के माध्यम से उम्मीदवारों की पात्रता तय की जाती है। इन नियमों में दूध की आपूर्ति, गुणवत्ता, संघ की वित्तीय स्थिति और ऑडिट जैसे मानदंड शामिल थे। कुछ सहकारी समितियों ने इन नियमों को चुनौती देकर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 2015 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इन बायलाज को अवैध बताकर रद्द कर दिया, जबकि पहले हुए चुनावों को वैध बनाए रखा। बाद में 2022 में डिविजन बेंच ने भी फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तर्कों से असहमति जताकर कहा कि इस प्रकार की रिट याचिकाओं की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।



■ **यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं: शीर्ष अदालत**

### सीजेआई सूर्यकांत बोले: इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना, ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट की ईंधन कमी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

■ **ईंधन कमी के चलते लेना पड़ा फैसला, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए**

राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट की अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, विमान में ईंधन की कमी के चलते यह निर्णय लिया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी 154 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह फ्लाइट दुबई से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान तकनीकी और परिचालन कारणों के चलते विमान के पायलट को ईंधन की स्थिति को लेकर चिंता हुई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी सुरक्षित हवाई अड्डे पर लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट को चुना गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद विमान को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। जैसे ही इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिली, एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रनवे को तत्काल खाली कराया गया और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखा गया।

## धन शोधन जांच में 6.3 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (ईआईएल) और उसकी समूह संस्थाओं से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान चलाकर 6.3 करोड़ रुपये की नकदी, 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी की सिल्लियां और लग्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह छापेमारी गुरुग्राम और दिल्ली में अर्थ ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े 10 ठिकानों पर की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद और करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ चांदी की सिल्लियां और कीमती घड़ियां भी जब्त कीं। धन शोधन की यह जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और साजिश के लिए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज पांच एफआईआर के तहत की गई है। इसके अतिरिक्त, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भी अर्थ ग्रुप के प्रमोटरों/ निदेशकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4.30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे। फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी होती रही हैं।

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बनी टीएमसी: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब भय से ऊब चुकी है और भरोसे की ओर बढ़ रही है।

घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, कट मनी और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेग पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलीकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, पर पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना तब जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ नाम कटे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

■ **उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं, यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए**

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में एसआईआर के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-यूटी में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, यह कार्रवाई नवम्बर से चल रही प्रक्रिया के तहत की गई। 28 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर शुरू होने के बाद 63.66 लाख नाम हटाए गए थे। इससे मतदाता 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गए।

## कूनो में आई खुशखबरी, चार शावकों की मां बनी गामिनी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है।

यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को जान से मारने की धमकी मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में भेलूपुर थाने में शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(4) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले ने ऑडियो मैसेज के माध्यम से कहा था कि शंकराचार्य को अतीक अहमद की तरह मार दिया जाएगा और उनका समय नजदीक आ गया है। शंकराचार्य को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान धमकी भेजने वाले मोबाइल नंबर की भी पहचान की जा रही है।

### अधिवक्ता की मौत के मामले में एसडीएम निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की मृत्यु के मामले में शासन ने बरहज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार द्विवेदी को निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

### कर्नल सोनम वांगचुक के सम्मान में स्मारक बनेगा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित लद्दाख प्रदेश प्रशासन महावीर चक्र विजेता और 'लद्दाख के शेर' के नाम से मशहूर कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) के सम्मान में लेह में एक स्मारक स्थापित करेगा। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने कहा कि परिवार, सेना और प्रतिनिधियों के परामर्श से लेह में स्मारक का निर्माण होगा। उद्देश्य उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की विरासत को अमर करना है।

# शहरों में गिरते मतदान प्रतिशत से बढ़ी चिंता

## एसआईआर में बीजेपी के कब्जे वाली सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में नए चुनावी रुझानों ने हलचल तेज कर दी है। ताजा सर्वे विश्लेषण में सामने आया है कि जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है, वहीं सबसे ज्यादा वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। यह संकेत न सिर्फ सत्तारूढ़ दल के लिए चेतावनी है, बल्कि विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक, 16 सीटों पर भाजपा को 1 लाख से अधिक वोटों का नुकसान हुआ है, जबकि 21 सीटों पर 80 हजार से ज्यादा वोट घटे हैं। इसके अलावा 82 सीटों पर 50 हजार से अधिक और 159 सीटों पर 30 से 50 हजार के बीच वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। खास बात यह है कि इनमें अधिकांश सीटें वही हैं, जहां 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मजबूत बढ़त हासिल की थी। विश्लेषण में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि वोटों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर शहरी इलाकों में देखने

> ■ सत्तारूढ़ दल के लिए चुनौती, तो विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा भाजपा को 16 सीटों पर एक लाख से ज्यादा का नुकसान

को मिला है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं का झुकाव बदला है, जबकि ग्रामीण इलाकों में भाजपा का आधार अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है। इसे शहरी मतदाताओं की अपेक्षाओं, स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक सक्रियता में कमी से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस बदलते ट्रेंड ने समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों को नया सियासी नैरेटिव दे दिया है। सपा को करीब 55 सीटों पर लाभ की संभावना जताई जा रही है, जबकि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होने के संकेत हैं। विपक्ष इसे जन असंतोष के तौर पर पेश कर रहा है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह गिरावट सीधे तौर पर सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए यह एक स्पष्ट चेता. वनी जरूर है। खासकर उन सीटों पर, जहां जीत का अंतर कम था, वहां यह गिरावट भविष्य में जोखिम बढ़ा सकती है।

आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा को शहरी क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर फोकस बढ़ाने और मतदाताओं से सीधा संवाद बढ़ाने की जरूरत होगी। विपक्ष इस मौके को भुनाने की कोशिश में जुट गया है। कुल मिलाकर यह ट्रेंड उत्तर प्रदेश की राजनीति में साइलेंट शिफ्ट का संकेत दे रहा है-जहां मुकाबला पहले से ज्यादा दिलचस्प और कांटे का होता नजर आ रहा है। एसआईआर को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जो निर्वाचन आयोग की तरफ से की जाती है। कहां वोट कम हुए कहां ज्यादा हुए इसको लेकर पार्टी अपने हिंसाब से मंथन करेगी। देश की जनता आज भी भाजपा सरकार की नीतियों में विश्वास करती है और आगे भी करती रहेगी।

# सपा सरकार में जगहों के नाम बदले गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



> महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर मायावती का संदेश, सपा सरकार पर बोला हमला, बसपा सरकार के किए गए नामकरण को सपा सरकार ने बदला: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर उन्होंने समा. जवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पूर्व में किए गए नामकरणों को बदलने का आरोप लगाया। सुश्री मायावती ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अति-पिछड़े, दलित और वंचित समाज के उत्थान को ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल की, जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान भी अतुलनीय रहा। उन्होंने फुले के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव में समाज का बौद्धिक, नैतिक और आर्थिक विकास बाधित होता है। मायावती ने यह भी कहा कि भीम राव अंबेडकर ने भी फुले के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुख्य आधार बनाया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में कई जिलों का नामकरण महापुरुषों के सम्मान में किया गया था। उन्होंने कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा गया था, लेकिन बाद में सपा सरकार ने इसे बदल दिया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार ने कासग. ंज, संभल, शामली और हापुड़ जैसे जिलों का नाम भी महापुरुषों के नाम पर रखा था, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। यह कदम संकीर्ण राजनीति और जातिवादी सोच का परिचायक है। महात्मा फुले के प्रयासों से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में सामा. जिक परिवर्तन की नई चेतना जागृत हुई। उनके द्वारा शुरू किए गए महिला शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्य आज भी प्रेरणादायक हैं।

# फैशन टीवी के नाम पर पांच सौ करोड़ ठगे

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश की राजधानी के गोमती होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में देश भर से पहुंचे पीड़ित व्यापारियों ने कथित तौर पर फैशन टीवी के नाम पर चल रहे 500 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े घोटाले का खुलासा किया।

पीड़ितों का दावा है कि इस फर्जी निवेश योजना में 200 से ज्यादा कारोबारी ठगी का शिकार हुए हैं, जिनमें से कई कर्ज में डूब कर आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं। लखनऊ के मनोज अग्रवाल, दिल्ली के विकास बंसल और मुंबई के राजेश तलवानी सहित कई व्यापारियों ने अपनी आपबीती साझा की। उनका आरोप है कि यह एक सुनियोजित और लंबे समय से चल रहा आर्थिक अपराध है, जिसमें लोगों को एक साल में 80 प्रतिशत तक मुनाफे

### देश के पीड़ित व्यापारियों ने लगाया आरोप

का लालच देकर फंसाया गया। पीड़ितों के मुताबिक कंपनी के प्रतिनिधि सोशल मीडिया के जरिए बड़े पैमाने पर प्रचार करते थे और निवेश पर भारी रिटर्न का भरोसा दिलाते थे। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये वसूले जाते थे। दिल्ली से आए विकास बंसल ने कहा कि इस घोटाले ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया। कई लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगा दी, जबकि कुछ ने कर्ज लेकर निवेश किया। अब वे आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। मुंबई के कारोबारी राजेश तलवानी ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने करीब 12 साल पहले 3 करोड़ रुपये निवेश किए थे।

## ज्योतिबा फुले व सांगा की जयंती से एक दिन पहले योगी का ऐलान

# थारू समाज पर दर्ज केस वापस लेगी सरकार

लखीमपुर खीरी, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सपा के शासनकाल में थारू समाज पर दर्ज मुकदमों को उनकी सरकार वापस लेगी।

महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। उन्होंने कहा कि अब आप पर कोई अत्याचार नहीं



> ■ पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया

कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और उनकी सराहना भी की और कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है।

### भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा: योगी

**लखीमपुर खीरी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या परहित सरिस धरम नहि भाई के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर अव्वल, बरेली द्वितीय

## रामपुर तीसरे व मैनपुरी चौथे स्थान पर रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की जारी रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है जबकि बरेली दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर रहे।

यह रैंकिंग जिलों के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर तैयार की गई है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाती है। इसमें जनसुनवाई, राजस्व कार्य, विकास योजनाएं और कानून-व्यवस्था जैसे अहम पहलुओं को शामिल किया जाता है। इसके आधार पर हर माह जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है, जिससे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होती है।

> ■ प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर यूपी मजबूती से अग्रसर

रिपोर्ट के अनुसार, मैनपुरी ने चौथा और हरदोई ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप-10 जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने भी जगह बनाई है। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार, जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसका परिणाम लगातार बेहतर रैंकिंग के रूप में सामने आ रहा है। सीएम डैशबोर्ड की सतत निगरानी से प्रदेश में प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है और विकास कार्यों में तेजी आई है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश मजबूती से अग्रसर है।

# सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** शनिवार को सोने की कीमतों में फिर से तेजी देखी गई। मिडिल ईस्ट में तनाव, मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के चलते सोने की कीमतें दोबारा बढ़ती नजर आ रही हैं। आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमतों में उछाल आया और यह लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त की ओर बढ़ रहा है।

भारत में सोने की कीमत बढ़ने की एक और वजह अक्षय तृतीया (जो 19 अप्रैल को पड़ता है) है, जिसमें सोने की खरीदारी का चलन है। एमसीएक्स पर आज 24 कैरेट सोने का भाव दिल्ली में 15,299 रुपये है, जबकि मुंबई में 15,284 रुपये, कोलकाता में 15,284 रुपये और चेन्नई में 15,382 रुपये है। चांदी की कीमत आज 2,39,934 प्रति किलोग्राम है। रिटेल लेवल पर तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे प्रमुख ज्वैलर्स आज 22 कैरेट सोने की कीमत 13,965 रुपये से 14,065 रुपये प्रति ग्राम के बीच बता रहे हैं।

आज के सोने के रेट और शोरूम की कीमतों के बीच यह अंतर इन्वेंट्री लागत, स्थानीय मूल्य निर्धारण रणनीतियों और परिचालन कारकों के कारण है, भले ही भारत में सोने का नवीनतम रेट मोटे तौर पर एक जैसा ही रहता है। ऊपर दी गई कीमतों में 3 परसेंट जीएसटी और मेकिंग चार्जेस शामिल नहीं हैं।

# चावल, गेहूं के भाव गिरे, चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी में तेजी देखी गई। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 97 रुपये टूटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 35 रुपये और चना दाल 20 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत 19 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की औसत कीमत 120 रुपये और पाम ऑयल की 85 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 52 और सरसों तेल में 32 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वनस्पति 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़। चीनी भी 28 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंत्र्ञ 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सीएम योगी नकली संत: सपा

## इस बार पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा : अखिलेश

जयपुर, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सीएम योगी को नकली संत करार देते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा। अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी में एक नकली संत है, जो दूसरों से सर्टिफिकेट मांग रहे थे, उनके पास अपना ही सर्टिफिकेट नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि वो सुबह 3:30 बजे उठते हैं, लेकिन जब उन्हें योग करने का मौका मिला, तो वो डगमगाने लगे। अभी कुछ दिन पहले ही सीएम योगी जापान गए थे। जैसे ही वहां की बुलेट ट्रेन 500 किलोमीटर की रफ्तार से ऊपर हुई, तो वो ताली बजाने लगे। कभी उन्हें क्रिकेट खेलते हुए देखना, तीन टप्पे खाने के बाद भी बल्ला हवा में घूमाते रहते हैं, कभी उन्हें बास्केटबाल खेलते हुए देखोगे, तो पाओगे कि वो बुलडोजर पर चढ़कर आएंगे और अपनी बाल को बास्केट में डाल देंगे। अखिलेश यादव ने शंकराचार्य को मिली जान से मारने की धमकी के सवाल पर कहा कि शंकराचार्य के विचार बहुत महत्वपूर्ण हैं। वो यूपी में कई नकली संतों का मुकाबला कर रहे हैं। उनकी बहादुरी को उनके साहस को हम बधाई देते हैं। पीडीए के लोग हमेशा शंक. राचार्य का सम्मान करते थे और करते रहेंगे। अखिलेश यादव ने यूपी में एसआईआर को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुद्धिकरण कभी महसूस नहीं कर सकती है। भाजपा के लोग जनता को इशारा कर रहे हैं कि हम आपको तभी वोट डालने देंगे, जब आपका शुद्धिकरण कर देंगे।

# 2027 विस चुनाव के लिए रणनीति बदलने पर मजबूर हुए राजनीतिक दल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज्यादा नाम डिलीट किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नजर रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के



बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए।

दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाजयिाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज्यादा ग्रामीण आबादी वाले जलिों: कन्नौज, बलरामपुर, बदायूं, बहराइच, फर्रुखाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए। राज्य के शहरी इलाकों को भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपात्र्ञ का गढ़ माना जाता है, और इन इलाकों ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के जनाधार को नुकसान पहुंचा था। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने लखनऊ, गाजयिाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ और प्रयागराज में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं।

# कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की आहट के बीच कांग्रेस पार्टी ने शांति की संभावनाओं पर सावधानी भरी उम्मीद जताई है। साथ ही पार्टी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्थिति पर 'गंभीर सवाल' उठाए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि इस बैठक से भारत सहित वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद जगी है कि यह अमेरिका-ईरान के बीच 'टिकाऊ शांति प्रक्रिया की शुरुआत' हो सकती है। रमेश ने इस अवसर का उपयोग सरकार के राजनयिक दृष्टिकोण में विसंगतियों और चूके अवसरों पर सवाल उठाने के लिए किया और पीएम मोदी व उनकी संपर्क रणनीतियों पर निशाना साधा।



उन्होंने मेजबान के रूप में पाकिस्तान की भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल किया कि अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले में कथित संलिप्तता और उसे अलग-थलग करने के भारत के राजनयिक प्रयासों के बावजूद इस्लामाबाद नई भूमिका गढ़ने' में कैसे कामयाब रहा। उन्होंने वर्तमान स्थिति की तुलना 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद के समय से की और कहा कि तब पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने 'पाकिस्तान को बहुत प्रभावी ढंग से अलग-थलग कर दिया था'।

# सरकार उत्तराखंड को शिक्षा व नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने को प्रतिबद्धः सीएम



■ डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून में आयोजित छात्रसंघ समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून में आयोजित छात्रसंघ समारोह में प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। उनकी ऊर्जा, संकल्प और नवाचार की सोच ही भारत के विकास की दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने छात्र राजनीति को नेतृत्व विकास, संगठन क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों से जुड़कर युवाओं में राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता, शिक्षा संस्थानों से लेकर देश की सीमाओं तक राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण करना भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 'मेक इन इंडिया', डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी पहलें शामिल हैं, जिन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही, साइंस सिटी और एस्ट्रो पार्क जैसे परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। 9 नए महाविद्यालयों की स्थापना, 20 मॉडल कॉलेजों का निर्माण, महिला छात्रावास, आईटी लैब एवं परीक्षा भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए नई भर्तियां भी की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्राप्त हुई हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डीएवी पीजी कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शैक्षणिक ब्लॉक की छत पर दो अतिरिक्त तल (प्रथम एवं द्वितीय) के निर्माण की घोषणा भी की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, रामसिंह कैड़ा, विधायक उमेश कुमार, प्राचार्य डी.ए.वी पीजी कॉलेज प्रो. कौशल कुमार, छात्र संघ अध्यक्ष ऋषभ मल्होत्रा, महामंत्री करन नेगी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## सीएस व डीजीपी ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड तक तैयारियों को परखा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा। मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को पीएम दौरे के दौरान सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। मीडिया से अनौपचारिक वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने से एक ओर दिल्ली - एनसीआर से देहरादून पहुँचने का समय कम होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर इससे आर्थिक गतिविधियों को भी बूस्ट मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक पहलः कुसुम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है, जो करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

शनिवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इसे ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज नारी शक्ति केवल एक विचार नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण महिलाओं को 'नीति की लाभार्थी' से 'नीति की निर्माता' बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का वास्तविक विकास "महिला नेतृत्व वाले विकास" से ही संभव है और यह अधिनियम उसी विश्वास को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहलः** कंडवाल ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी योजनाएं संचालित की गई हैं, जिन्होंने महिलाओं के जीवन के हर पहलू को सशक्त किया है। उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिलाओं को प्रदान किए गए हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर उद्यमिता की ओर अग्रसर हुई हैं। वहीं, 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर 'लखपति दीदी' बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से सामाजिक चेतना में सकारात्मक बदलाव आया है।

### राजनीतिक भागीदारी में होगा बढ़ोतरी का मार्ग प्रशस्त



महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की संख्या 1952 में 22 से बढ़कर 2024 में 75 हो गई है, किंतु अभी भी अपेक्षित प्रतिनिधित्व प्राप्त करना शेष है। यह अधिनियम उस दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि महिला नेतृत्व से आर्थिक विकास को गति मिलती है और समावेशी विकास सुनिश्चित होता है। पंचायत स्तर पर 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व से शिक्षा, जल और पोषण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

# सूबे के प्रत्येक विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती



■ सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी
■ डॉ. अम्बेडकर के अमूल्य योगदान से परिचित होंगे छात्र-छात्राएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में आगामी 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इस संबंध में विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक द्वारा सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, ताकि कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालयों में विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनके माध्यम से छात्र-छात्राओं को डॉ. अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रमों में छात्रों की सक्रिय एवं अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी, जिससे उनमें सामाजिक जागरूकता एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित हो सके। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉ. अम्बेडकर की जीवनी, उनके द्वारा सामाजिक समानता, न्याय, मानवाधिकार, अस्पृश्यता उन्मूलन तथा भारतीय संविधान के निर्माण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष परिचर्चा आयोजित की जायेगी। साथ ही विद्यार्थियों को उनके विचारों, आदर्शों एवं सिद्धांतों से प्रेरणा लेने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। इस अवसर पर भाषण, निबंध, पोस्टर निर्माण, नाटक, गायन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जायेगा, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा मिल सके।

आगामी 14 अप्रैल को सभी विद्यालयों में अम्बेडकर जयंती को अनिवार्य रूप से मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को डॉ अम्बेडकर के विचारों और मूल्यों से जोड़ना है। छात्र-छात्राएं जब डॉ. अम्बेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में जानेंगे, तो उनमें भी समाज के प्रति सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। **डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

### शिक्षण संस्थानों में 'वंदे मातरम' का दैनिक गायन अनिवार्य

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों में अब प्रत्येक दिन अनिवार्य रूप से राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं यूजीसी के निर्देशों के तहत लिया गया है। इसके अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## सीएम ने दौरे को राज्य के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के उत्तराखण्ड आगमन एवं दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे) के शुभारम्भ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताया है। उनका कहना है कि इस भव्य आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह कार्यक्रम जन-उत्सव का रूप ले सके। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं।प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा अत्यंत आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाई जा रही है। विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजित करने की तैयारी है। इस दौरे में उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत-गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकनृत्यों और संगीत की झलक इस आयोजन में भव्य रूप से नज़र आएगी। कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक एवं आधुनिक साज-सज्जा के समन्वय से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम में कलाकारों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# देवभूमि प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत को उत्साहितः भाजपा




■ रोड शो और जनसभा मे शिरकत कर विकास योजनाओं के लिए जनता करेगी आभार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। भाजपा ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी के रोड शो और जनसभा के ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होने का दावा किया है। आयोजन के मौके पर रोड शो और जनसभा में लाखों लोगों के शामिल होने ज रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों में जबरदस्त इसे लेकर उत्साह का माहौल है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता पीएम नरेंद्र मोदी के देव भूमि आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों के लिए हमेशा की तरह जबरदस्त उत्साह रहता हैं। चूंकि इस बार पीएम हमे एक्सप्रेस वे की स्वर्णिम सौगात के साथ अन्य कई योजनाओं को समर्पित करने आ रहे हैं। ऐसे में हम सबका उत्साह और उमंग से आगे बढ़ते हुए उत्सव का रूप ले रहा है। लिहाजा आगामी 14 अप्रैल को पीएम का उत्तराखंड आगमन संख्या और भव्यता की दृष्टि से अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होने जा रहा है। चौहान ने बताया कि इस दौरे में पीएम मोदी का देवभूमि में पहला रोड शो भी होने जा रहा है। जिसमें पार्टी का प्रयास रहेगा कि सांस्कृतिक गौरव और पारंपरिक भव्यता इस रोड शो में नजर आए। इसमें लगभग 12 से 14 किमी लंबा भव्य रोड शो आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देवभूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देगी। रोड शो के मार्ग में कई स्थानों पर कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी लोक नृत्यों एवं पारंपरिक संगीत के माध्यम से पीएम का स्वागत आभार किया जाएगा।

# पीएम का उत्तराखण्ड आगमन प्रदेश के लिए गौरव का विषय : जोशी




■ कैबिनेट मंत्री ने की पीएम के उत्तराखण्ड आगमन को लेकर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में 14 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे को लेकर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के विशाल जनसभा एवं भव्य रोड शो को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से आह्वान किया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक और सफल बन सके। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड आगमन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और इस अवसर को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया। मंत्री जोशी ने सभी को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान सहित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

जनगणना से जन कल्याण
CENSUS OF INDIA 2027
गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

हमारी जनगणना
हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

CBC 19108/13/0009/2627
टोल फ्री - 1855
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

# केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन पर सरकार का फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को रुद्रप्रयाग पहुंचकर जिला कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 20 अप्रैल तक सभी कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा क्षेत्र को 3 सुपर जोन, 17 जोन और 47 सेक्टर में विभाजित किया गया है। ट्रैफिक प्रबंधन के लिए 2 सुपर जोन और 4 ट्रैफिक जोन बनाए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की 8 तथा फायर सर्विस की 7 टीमें



■ प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने की समीक्षा बैठक
■ 20 अप्रैल तक सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

तैनात रहेंगी। इसके अलावा एनडीआरएफ, सीएपीएफ, बम निरोधक दस्ता और एंटी टेरर स्क्वॉड भी सक्रिय रहेंगे।

प्रभारी मंत्री ने यात्रा मार्ग पर भूस्खलन एवं भू-धंसाव संभावित क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। नरकोटा, जवाड़ी बाईपास, तिलवाड़ा, गंगानगर, चंद्रा. पुरी, सौड़ी, बांसवाड़ा, काकड़ागाड़, गुप्तकाशी सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए कि पैचवर्क, डामरीकरण, क्रैश बैरियर, रोड मार्किंग एवं साइनेज का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, रैन शेल्टर, नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं आपातकालीन सुविधाओं की समीक्षा की गई। घोड़ा-खच्चर संचालन के लिए पंजीकरण, बीमा एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की भी जानकारी ली गई। स्वास्थ्य विभाग ने केदारनाथ अस्पताल में डॉक्टरों की तैनाती तथा एक्स-रे, ईसीजी सहित आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता से अवगत कराया।

प्रभारी मंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। शौचालयों की पर्याप्त उपलब्धता, कूड़ा प्रबंधन, पर्यावरण मित्रों की तैनाती तथा महिला शौचालयों में सेनेटरी पैड डिस्पोजल, चेंजिंग रूम और जल टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में पार्किंग, पेयजल, बिजली, सोलर लाइट, संचार व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, होटल किराया नियंत्रण एवं एलपीजी आपूर्ति जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से साइनेज लगाने के निर्देश दिए गए।प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस वर्ष केदारनाथ धाम यात्रा के लिए 4.50 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों, प्रशासन एवं पुलिस को 'अतिथि देवो भव' की भावना से श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए, ताकि यात्री यहां से सकारात्मक अनुभव लेकर लौटें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दिन-रात कार्य कर रहे हैं और 20 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। उन्होंने होटल, ढाबा एवं घोड़ा-खच्चर संचालकों से निर्धारित दरों पर ही सेवाएं उपलब्ध कराने की अपील की।

बैठक में विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, प्रमुख अगस्त्यमुनि भुवनेश्वरी देवी, प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में इस वर्ष यात्रा सीजन के दौरान वीआईपी दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब केवल सरकारी प्रोटोकॉल के तहत आने वाले व्यक्तियों को ही वीआईपी दर्शन की अनुमति दी जाएगी, जबकि आम श्रद्धालुओं को सामान्य लाइन में लगकर ही बाबा केदार के दर्शन करने होंगे।

मंदिर परिसर में इस बार मोबा. इल, कैमरा, फोटो खींचने, वीडियो बनाने और ब्लॉगिंग पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर प्रशासन का मानना है कि इससे जहां अव्यवस्था पर नियंत्रण लगेगा, वहीं धार्मिक वातावरण भी अधिक शांत और गरिमामय बना रहेगा।

दरअसल, हर वर्ष वीआईपी दर्शन को लेकर अव्यवस्थाओं और पक्षपात के आरोप सामने आते रहे हैं। तीर्थ पुरोहितों और श्रद्धालुओं द्वारा लगातार उठाई जा रही आपत्तियों के बाद बद्री-केदार मंदिर समिति ने इस बार सख्त निर्णय लिया है। समिति के अनुसार अब



■ सिर्फ प्रोटोकॉल वालों को मिलेगी सुविधा

बिना प्रोटोकॉल किसी भी व्यक्ति को वीआईपी दर्शन की अनुमति नहीं मिलेगी। इससे आम श्रद्धालुओं के साथ समानता सुनिश्चित करने और दर्शन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

बीकेटीसी के उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने बताया कि नई व्यवस्था से यात्रा प्रबंधन में सुधार होगा और श्रद्धालुओं को अनावश्यक लंबी प्रतीक्षा से राहत मिलेगी। अब देखना यह होगा कि मंदिर समिति के ये नए नियम धरातल पर कितने प्रभावी ढंग से लागू हो पाते हैं और क्या इससे श्रद्धालुओं को वास्तव में सुगम एवं बेहतर दर्शन का अनुभव मिल पाता है।

# बैलास्टलेस तकनीक से रेलवे लाइन बिछने का कार्य शुरू

■ 750 करोड़ की लागत से कर्णप्रयाग तक बिछाई जाएगी रेलवे लाइन
■ शिवपुरी, ब्यासी और लक्ष्मोली से मलेथा तक निर्माण कार्य शुरू

**देवेन्द्र गौड़**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना में अब कार्य ने तेजी पकड़ ली है। परियोजना के तहत दो पैकेजों में आधुनिक बैलास्टलेस तकनीक से रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे निर्माण कार्य में नई गति आने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार 126 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन में बैलास्टलेस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत पैकेज-2 में शिवपुरी से ब्यासी तथा पैकेज-5 में लक्षमोली से मलेथा के बीच बैलास्टलेस तकनीक से निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कार्य पूरा होते ही इसमें रेलवे ट्रेक को बिछाया जायेगा। यह तकनीक अब तक मुख्य रूप से मेट्रो रेल में उपयोग की जाती रही है, लेकिन अब भारतीय रेलवे भी कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में इसे अपना रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ की गई कोठगोदाम-बारमूला रेलवे लाइन में इसी बैलास्टलेस तकनीक का प्रयोग किया गया है। बैलास्टलेस ट्रैक की खासियत यह है कि इसमें पारंपरिक



**2028 तक रेलवे प्रोजेक्ट का कार्य पूरा करने का रखा लक्ष्य**

इस महत्वाकांक्षी परियोजना में कुल 13 स्टेशन प्रस्तावित हैं और इसका बड़ा हिस्सा सुरंगों के भीतर से होकर गुजरेगा। कुल 17 सुरंगों में से लगभग 105 किलोमीटर रेल लाइन सुरंगों के अंदर से निकलेगी। परियोजना की सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू के बीच करीब 14.08 किलोमीटर लंबी है, जबकि सबसे छोटी सुरंग सेवई से कर्णप्रयाग के बीच लगभग 200 मीटर की है। करीब 16,216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस परियोजना का कार्य वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। प्रारंभिक लक्ष्य इसे वर्ष 2025 तक पूरा करने का था, लेकिन भौगोलिक चुनौतियों और तकनीकी कारणों के चलते अब इसकी समयसीमा बढ़ाकर दिसंबर 2028 कर दी गई है।

"ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत शिवपुरी, ब्यासी और लक्षमोली से मलेथा से के बीच बैलास्टलेस तकनीक से रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस आधुनिक तकनीक के तहत रेलवे लाइन को कंक्रीट के माध्यम से मजबूत, टिकाऊ और बेहतर लुक दिया जायेगा। 126 किलोमीटर की इस रेलवे लाइन में सभी जगह इस आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जायेगा।"

**ओमप्रकाश मालगुडी, उप-महाप्रबंधक, सिविल, रेल विकास निगम लि०।**

गिट्टियों का इस्तेमाल नहीं होता, बल्कि कंक्रीट से इसको बनाया जाता है। जिससे ट्रैक अधिक मजबूत और टिकाऊ बनता है। हालांकि इसकी लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है, लेकिन इसका रखरखाव काफी कम होता है और यह लंबे समय तक बिना बड़े मरम्मत कार्य के सुचारु रूप से चलता है। इसको लेकर आरवीएनएल द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कि जा चुकि है। जिसमें रेलवे की इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन), पीसीएम और पारस कंपनी नई दिल्ली (जेवी) को बैलास्टलेस तकनीक से रेल लाइन बिछाने का कार्य मिला है, जो कि लगभग 750 करोड़ की लागत से बिछाई जायेगी। साथ ही यह कंपनी ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेलवे लाइन बिछाने के साथ ही रेलवे स्टेशनों के निर्माण कार्य को भी पूरा करेंगी।

# डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का किया विधिवत उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड ऋतु खण्डूडी भूषण ने केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गरिटा एवं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के साथ कोटद्वार तहसील परिसर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि इस पासपोर्ट सेवा केंद्र के शुरू होने से कोटद्वार एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए दूरद. राज के शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इससे आम जनता का समय और धन दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं का



विस्तार होगा। उन्होंने कोटद्वार की प्रमुख जनहित से जुड़ी मांगों का भी उल्लेख किया, जिनमें मुख्यत: कोटद्वार में पीजीआई स्तर के बड़े अस्पताल की स्थापना की मांग, कोटद्वार रेलवे स्टेशन का नाम कण्व नगरी स्टेशन किए जाने की मांग, कोटद्वार से देहरादून एवं लखनऊ सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग, कण्वाश्रम के समग्र विकास की मांग रही । उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूर्ण होने से कोटद्वार क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों

**स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगीं पासपोर्ट सेवाएं: मार्गरिटा**

केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गरिटा ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना है और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर पासपोर्ट सेवाएं सुलभ और सरल होंगी।

**पासपोर्ट सेवा केंद्र कोटद्वार के लिए बड़ी उपलब्धि: बलूनी**

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह केंद्र कोटद्वार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे युवाओं, छात्रों और आम नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा।

को बेहतर स्वास्थ्य, पर्यटन एवं परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, विधायक लैंसडाउन दिलीप सिंह रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, महापौर कोटद्वार शैलेन्द्र सिंह रावत, राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, राज्य मंत्री राजेन्द्र अंथवाल, विदेश मंत्रालय से जॉइंट सेक्रेटरी एस. कोवेंथन, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी देहरादून अनुज स्वरूप तथा डाक विभाग से निद. ेशक अनुसूया प्रसाद चमोला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शशिबाला केष्टवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांता बमराडा आदि मौजूद रहे।

## श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में व्यापार सभा के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जल्द ही शहर में व्यापार सभा चुनाव का बिगुल बज सकता है। इसकों लेकर व्यापारियों का पंजीकरण प्रक्रिया भी पूर्ण होने जा रही है। उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि श्रीनगर में व्यापार सभा की कार्यकारिणी के तीन साल से भी अधिक हो चुके है। जिसकों देखते हुए व्यापार सभा चुनाव होना है। चुनाव को लेकर व्यापारियों का पंजीकरण प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। करीब 1100 से अधिक व्यापारियों का पंजीकरण किया गया है। बताया कि जल्द ही बैठक कर व्यापार सभा का चुनाव की तिथि घोषित कि जायेगी।

# महिला एवं बाल सुरक्षा सुदृढ़ बनाने को समन्वय गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जनपद में महिला सुरक्षा, बाल कल्याण एवं अपराधों की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल की अध्यक्षता में कोतवाली कोटद्वार में एक समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस विभाग के साथ-साथ विभिन्न संबंधित सरकारी विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रति. निधियों ने प्रतिभाग करते हुए आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। बैठक के दौरान मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार, महिलाओं एवं बच्चों के

■ समन्वय, त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग पर दिया गया विशेष बल

उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामलों की प्रभावी विवेचना, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह जैसे गंभीर विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अपराधों की रोकथाम के लिए सभी विभागों के मध्य त्वरित सूचना आदान-प्रदानकरने पर विशेष जोर दिया। गोष्ठी का उद्देश्य विभागों के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित कर महिला व बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करना रहा।

**एक नजर .......**

## आधुनिक टूल्स रिसर्च रैबिट और सेमांटिक स्कॉलर की दी जानकारी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय आईसीएसएसआर प्रायोजित रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में ंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के डॉ. अमित गौतम ने शोध के आधुनिक टूल्स रिसर्च रैबिट और सेमांटिक स्कॉलर का व्यावहारिक परिचय दिया। उन्होने प्रबंधन को सरल बनाने में जोटेरो जैसे टूल्स की उपयोगिता के बारे तथा विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से शोध कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. आलोक कुमार गौतम ने सतत जीवन और स्वस्थ पृथ्वी विषय पर बोलते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को मानवीय गति. विधियों से जोड़ते हुए ग्रामीण, किसान एवं शहरी गरीब वर्ग पर इसके प्रभावों को रेखांकित किया। साथ ही साइकिल उपयोग, जैविक खाद्य, ऊर्जा संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे उपायों को अपनाने की अपील की। मौके पर प्रो. त्रिलोक चंद्र उपाध्याय, एनआईटी के कुलसचिव डॉ. हरि मौल आजाद, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार नौटियाल, कार्यक्रम में कोर्स डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवन का थर्ड पार्टी करेगी सर्वे

**श्रीनगर।** नगर निगम के रेवड़ी कांडई टीचर्स कॉलोनी में बीते वर्ष हुए भू-धंसाव के चलते क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवन का थर्ड पार्टी निरीक्षण कर प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। थर्ड पार्टी की रिपोर्ट ही अंतिम रिपोर्ट मानी जायेगी। बताते चले कि बीते 7 अप्रैल से रेवड़ी कांडई टीचर्स कॉलोनी के प्रभावितों ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की श्रीनगर से लेकर डुंगरीपंथ तक रेलवे निर्माण कार्य रूकवाया गया था। शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन और आरवीएलएल के अधिकारियों कि मध्यस्ता में हुई प्रभावितों की बैठक में प्रशासन ने थर्ड पार्टी सर्वे कराने पर सहमति बनी। जिसके बाद रेलवे निर्माण कार्य को दुबारा सुचारू रूप से खोला गया। तहसीलदार दीपक भंडारी ने बताया कि प्रभावितों के साथ हुई बैठक में थर्ड पार्टी की सर्वे रिपोर्ट को अंतिम फैसला माना जायेगा। बताया कि रिपोर्ट में जो भी आयेगा उसी के आधार पर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं प्रभावित वासुदेव कंडारी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जितेंद्र रावत, डॉ. सुधीर जोशी सहित आरवीएनएल के अधिकारी सहित आदि मौजूद थे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में मोहम्मद मुदस्सिर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार के वाणिज्य संकाय में वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में शनिवार को तत्क्षण वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के शुभारंभ में प्रतियोगिता प्रभारी डॉ एसके गुप्ता ने तत्क्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से न केवल छात्र-छात्राओं को अपने विचारों की अभिव्यक्ति हेतु एक प्लेटफार्म मिलता है बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी यह प्रतियोगिताएं सहायक होती है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पर्यटन की संभावनाएं, सोशल मीडिया, महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास, इजरायल-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, उत्तराखंड में बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या तथा शेयर मार्केट में निवेश जैसे विषयों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है । प्रतियोगिता में मोहम्मद मुदस्सिर, दिव्यांशी ध्यानी, नितिन, कंगना रावत, अपूर्वा रावत, वंदना, अर्पित सिंह, मोहित सैनी, आयुष प्रजापति आदि छात्र-छात्राओं ने उक्त विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ रिचा जैन, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ संदीप अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यात्रा से पहले एनएच की तैयारियों पर सवाल, हालात चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ यात्रा शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और जिला प्रशासन की तैयारियां सवालों के घेरे में है। सिरोबगड़ से गौरीकुंड तक के मुख्य यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मलबा जमा है, नालियां जाम पड़ी हैं और बाजारों में अतिक्रमण के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फैलाने से पैदल यात्रियों और वाहनों दोनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारी भी इस समस्या को स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सख्ती नहीं बरती जा रही।

यात्रा मार्ग पर बने कई डेंजर जोन अब भी बिना उपचार के हैं, जो बारिश के दौरान भूस्खलन का बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि जो कार्य महीनों पहले पूरे हो जाने



■ बैठकों में दावे बड़े, धरातल पर व्यवस्थाएं कमजोर

चाहिए थे, वे अब यात्रा शुरू होने से ठीक पहले शुरू किए जा रहे हैं, जिससे एनएच विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा, तिलवाड़ा- मयाली- घनसाली और मयाली-गुप्तकाशी मोटर मार्गों की स्थिति भी बेहद खराब बनी हुई है, जहां गड्ढे, टूटी सड़कें और जाम की समस्या आम हो चुकी हैं।

जिला प्रशासन और एनएच विभाग द्वारा लगातार यह दावा किया जाता रहा है कि यात्रा से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। न तो मलबा पूरी तरह हटाया गया, न नालियों की सफाई हुई और न ही डेंजर जोनों का समुचित उपचार किया गया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यात्रियों की सुरक्षा सिर्फ बैठकों और कागजी दावों तक सीमित रह गई है?

यदि यात्रा शुरू होने से पहले इन कमियों को तत्काल दूर नहीं किया गया, तो न केवल यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी, बल्कि किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी रहेगी। ऐसे में एनएच विभाग और जिला प्रशासन के लिए जरूरी हो गया है कि वे दावों से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई करें, ताकि केदारनाथ यात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

# भगवान श्रीराम का जीवन धर्म के पालन का सर्वोच्च उदाहरण: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** चन्द्रशेखर महादेव मंदिर सौड़ी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत एवं श्रीराम कथा के आठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा शिव गिरी महाराज एवं स्थानीय जनता के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों भक्तों ने कथा श्रवण कर पुण्य अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा।

कथा के आठवें दिन कथावाचक पंडित संजय कृष्ण महाराज ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान

■ चन्द्रशेखर महादेव मंदिर सौड़ी में कथा श्रवण में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

श्रीराम के आदर्श जीवन का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्तव्य और धर्म के पालन का सर्वोच्च उदाहरण है, जो मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा दी। वहीं कथावाचक विजय बेजवाल ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के माध्यम से माता भगवती की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि देवी शक्ति ही सृष्टि की आधारशिला है और उनकी आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है।

इस मौके पर त्रिभुवन चौहान, अनिल जिरवाण, धर्मेंद्र बर्त्वाल, शिवराज सिंह भण्डारी, भूपेन्द्र नेगी, रजपाल कण्डारी, मातवर बडियारी, प्रकाश नेगी, आशुतोष नेगी, विक्की आनंद, तेज सिंह रावत, बलदीप कण्डारी, विनोद बिष्ट, प्रमेन्द्र रावत, विपिन भट्ट, सोहन सिंह चौधरी सहित सौडी, गिवाला और केदार घाटी के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मेले पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने का महत्वपूर्ण माध्यम: ऐश्वर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रुद्रप्रयाग।** रंगा. रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक उत्साह के साथ पांच दिवसीय अगस्त्य महोत्सव एवं बैशाखी मेले का भव्य आगाज खेल मैदान अगस्त्यमुनि में किया गया। मेले का शुभारम्भ उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्य रावत ने विधिवत रिबन काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले हमारी पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और स्थानीय



संस्कृति को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमारी माटी की धरोहर को सहेजने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का है।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अपनी पूज्य माताजी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय श्रीमती शैलारानी रावत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करने वाली ऐसी शख्सियतें विरले ही जन्म लेती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना उनका प्रथम लक्ष्य रहेगा और इसके लिए

■ अगस्त्यमुनि में पांच दिवसीय अगस्त्य महोत्सव एवं बैशाखी मेले का भव्य शुभारम्भ

वे सदैव तत्पर रहेंगी। कार्यक्रम में विद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उन्होंने सराहना की और अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि कभी वे भी इसी प्रकार मंच पर प्रस्तुति देती थीं। आज अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित होना उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है।

उन्होंने मेला समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद इस पौराणिक मेले का पुनर्जीवन एक सराहनीय पहल है, जिससे अगस्त्य ऋषि की महिमा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, कार्तिकेय मंदिर समिति के अध्यक्ष विक्रम नेगी, पूर्व प्रधान कुंवर लाल, बलबीर लाल, मुकेश तिवारी, दीपा नेगी, माधुरी नेगी, रजनी शर्मा, वीरेन्द्र बिष्ट, प्रमिला नेगी, मनोज कुंवर, रजनी रावत, दीपा आर्य, शशिधर सेमवाल, देवी प्रसाद भट्ट, मेला समिति के सहसचिव शेखर नौटियाल, सांस्कृतिक सचिव धर्मसिंह राणा, प्रमोद बर्त्वाल, दीपक बेंजवाल, हर्षप्रीतम सिंह, सुरजीत रावत आदि मौजूद रहे।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए स्थायी समाधन और जवाबदेही करें तय: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्किट हाउस, हल्द्वानी में जनपद नैनीताल के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, वन एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष, आगामी पर्यटन सीजन की तैयारियों तथा कानून-व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, सिंचाई एवं जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में आयुक्त कुमाऊं एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जानकारी दी कि आगामी आदि कैलाश यात्रा के लिए 1 मई से पिथौरागढ़ जिला प्रशासन द्वारा इनर लाइन पास जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आदि कैलाश मार्ग वर्तमान में सुचारू है। इसके अतिरिक्त कैंचीधाम बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा 30 मई तक इसे चालू करने का लक्ष्य है। मेट्रोपोल पार्किंग का निर्माण कार्य भी आगामी 10 दिनों में प्रारंभ किया जाएगा।



■ संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग व अलर्ट सिस्टम लगाने के आदेश
■ पर्यटन सीजन को लेकर सड़क, ट्रैफिक, पार्किंग और शटल सेवा की सख्त तैयारी
■ 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत हुड़दंग, नशाखोरी व ओवरचार्जिंग पर सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन घटनाओं की रोकथाम के लिए स्थायी समाधान खोजा जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को जागरूक करने के साथ ही ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएं जिससे उन्हें जंगलों में जाने की आवश्यकता कम हो। साथ ही विभाग के प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग लगाने तथा वन विभाग और पुलिस की संयुक्त क्विक रिस्पॉन्स टीम को 24•7 सक्रिय रखने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जनपद प्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र है, जहां पर्यटकों की सुरक्षा के साथ-साथ वन क्षेत्रों से सटे गांवों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी और नैनीताल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए। आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों को गड्ढा-मुक्त रखने, ट्रैफिक प्रबंधन को सुदृढ़ करने, शटल सेवा एवं वैकल्पिक पार्किंग स्थलों को सक्रिय करने पर जोर दिया। कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पर्यटन स्थलों पर हुड़दंग, नशाखोरी एवं ओवरचार्जिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने 24×7 निगरानी रखने, नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, विभिन्न जनप्रतिनिधि, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अप्रशिक्षित तैनाती पर भड़के पीआरडी जवान, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ चारधाम ड्यूटी में अनियमितता का आरोप
■ हाईकोर्ट आदेश उल्लंघन पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) विभाग में अप्रशिक्षित व्यक्तियों की ड्यूटी लगाए जाने के विरोध में प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला अध्यक्ष किशन सिंह रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जवान तहसील मुख्यालय पहुंचे और तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जवानों का आरोप है कि चारधाम यात्रा सहित विभिन्न विभागों में ड्यूटी के दौरान स्थानीय स्तर पर दबाव बनाकर अप्रशिक्षित व्यक्तियों को पीआरडी के माध्यम से तैनात किया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षित जवानों के अधिकारों का हनन हो रहा है।ज्ञापन में जवानों ने वर्ष 2021 में नैनीताल उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों की ही तैनाती सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके बावजूद यदि अनियमितताएं जारी रहती हैं तो यह न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी। जवानों ने यह भी कहा कि चारधाम यात्रा जैसे संवेदनशील कार्यों में प्रशिक्षित कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, ऐसे में अप्रशिक्षित व्यक्तियों की तैनाती से व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। पीआरडी जवानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई और न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ऐसी स्थिति में उत्पन्न किसी भी अव्यवस्था की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।ज्ञापन में मांग की गई है कि जनपद में केवल प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को ही प्राथमिकता के आधार पर ड्यूटी दी जाए और किसी भी स्थिति में अप्रशिक्षित व्यक्तियों की तैनाती न की जाए।इस दौरान रोशन लाल, सायब लाल, अनिल कुमार, प्रीतम सिंह, रमेश कंडियाल, दिनेश रावत, गिरवीर सिंह, प्यारेलाल, ललित, रामू, मनमोहन सिंह, दीपक, जयदेव सिंह चौहान, जयदेव प्रसाद नौटियाल, हरीश पंवार, मुकेश कुमार, निशा असवाल, कंचन, रमेश सहित कई जवान मौजूद रहे।

## लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना में तेजी लाने को एमडी ने किया निरीक्षण

**देहरादून।** निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह द्वारा परियोजना स्थलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने 300 मेगावाट क्षमता की लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रबंध निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अल्प अवधि में यह उनका लखवाड़ परियोजना का दूसरा दौरा है, जो परियोजना के प्रति उनकी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने निरीक्षण के दौरान अजय कुमार सिंह ने परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण संरचनाओं जैसे भूमिगत विद्युतगृह, डाइवर्जन, कॉफर बांध तथा शियर जोन शाफ्ट आदि का स्थलीय अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूजेवीएनएल के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से परियोजना में प्रयुक्त निर्माण सामग्री, मशीनरी तथा कार्यरत मानव संसाधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्ध प्रगति पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर निदेशक परियोजनाएं सुरेश चन्द्र बलूनी, अधिशासी निदेशक राजीव अग्रवाल, महाप्रबंधक सुजीत कुमार सिंह एवं संजय जोशी, उपमहाप्रबंधक आशीष यादव, शिव दास, मनमोहन बलोदी, गिरीश रावत एवं भू-विज्ञानी संजय कुमार तथा अधिशासी अभियंता अमरेश शर्मा, ऋषि सिंह,अभय सिंह, शशांक पाडेय, संजीव कुमार, रामबीर सिंह रावत, प्रकाश चौहान सहित निगम एवं कार्यदायी संस्था के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


# चारधाम मे नो कैप नीति आस्था का सम्मान और आर्थिकी को बल देने वाला कदम: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने चार धाम यात्री संख्या पर जनभावना अनुरूप सीमित संख्या हटाने ( नो कैप नीति ) के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्तकिया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसे श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करने वाला और राज्य की आर्थिकी को गति देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है। जो श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देगा। लिहाजा अब किसी को भी संख्या को लेकर अफवाह और भ्रम में आने की जरूरत नहीं है

उन्होंने कहा कि देवभूमि की चार धाम यात्रा दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। उस पर विगत वर्षों में भाजपा सरकार में जिस तरह सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा संचालित की गई, उससे यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी के नेतृत्व सरकार द्वारा ऐतिहातन, यात्री संख्या को लेकर कुछ नियम बनाए गए थे। अब यात्रा व्यवस्था एवं परिस्थितियों में आए सुधार और जनभावना को देखते हुए सरकार द्वारा महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। जिसमें सीमित यात्रियों की सभी संभावनाओं को समाप्त करते हुए, नो लिमिट या नो कैप की घोषणा की गयी है। जिसका प्रदेश की जनता और भाजपा तहे दिल से स्वागत करते हुए इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि सीएम की घोषणा अनुसार इस वर्ष यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई भी दैनिक प्रतिबंध या सीमा नहीं होगी। अब श्रद्धालु बिना किसी प्रशासनिक रोक-टोक के बाबा केदार, बद्री विशाल, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर सकेंगे। असीमित दर्शन के इस अवसर से प्रतिदिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोई अधिकतम सीमा तय नहीं की जाएगी। भाजपा सरकार द्वारा यह निर्णय देशभर से आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी लिया गया है।उन्होंने कहा कि संख्या पर प्रतिबंध हटने के बावजूद, यात्रियों की सुरक्षा और सुगम दर्शन पूर्व की तरह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेगा। इसी तरह भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आधुनिक डिजिटल मॉनिटरिंग और एडवांस स्लॉट सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।



■ सीएम की घोषणा से संख्या को लेकर सभी अफवाह और भ्रम पर लगेगा विराम

## एक नजर .......

### संगठन की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत: योगिता

**रुद्रप्रयाग।** प्रधान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष योगिता रावत कैंतुरा के रुद्रप्रयाग आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं एवं गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन करते हुए संगठन की मजबूती एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष योगीता रावत कैंतुरा ने संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राकेश मोहन, जिला अध्यक्ष विजयपाल जगवाण, धीरेंद्र रावत, देवेन्द्र भण्डारी, सुभाष रावत, अजय पुण्डीर, मनोज वैष्णव, त्रिलोक रावत, मनीषा पटवाल, दीपक बिष्ट, सविता, ज्योत्ति तथा बद्री जोशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोरी के गंगाड़ गांव में प्रशासन की दस्तक बहुउद्देशीय शिविर में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरी/उत्तरकाशी।** विकासखण्ड मोरी के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत गंगाड़ स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पुरोला विधायक और जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में जनसमस्याएं के लिए बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्रवासियों ने 33 शिकायतें दर्ज करवाई इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, विधुत, सड़क समेत प्रतिकर के मामलों की बदहाली पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। शिकायतों में अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष शिकायतों का निर्धारित समय पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

शिविर में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने प्रशासन द्वारा समेकित सेवा वितरण पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, पेयजल, विद्युत, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों की सेवाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही हैं, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क जांच एवं दवा वितरण, राजस्व विभाग द्वारा प्रमाण पत्रों का त्वरित निस्तारण, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं का पंजीकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में सौड से पूर्ति तक क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की मरमत कार्य एक माह में शुरू करने के निर्देश दिये। वहीं 25 से 27 अप्रैल तक तालुका, गंगाड, और ओसला में विद्युत कैंप लगाकर विद्युत कनेक्शन वितरण संबंधित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वहीं आधार कार्ड बनवाने के लिए 12 अप्रैल से 24 तक सांकरी में विशेष कैंप लेगे।

शिविर में ब्लॉक प्रमुख रणदेव राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बचन पंवार,ग्राम प्रधान सैन सिंह,क्षेत्र पंचायत मीनाक्षी, मोरी ब्लॉक प्रधान संगठन के अध्यक्ष कैलाश डिमरी, जिला पंचायत प्रतिनिधि भगतसिंह,कृपाल सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य कासला, राजपाल रावत, एपीडी रमेश चंद्र, बीडीओ शशिभूषण बिंजोला, जीएमडीआईसी शैली डबराल, समाज कल्याण अधिकारी कुलदीप पंवार, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटुडा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



■ क्षेत्रीय विधायक और डीएम की पहल से गंगाड़ में पहुंची सरकारी मशीनरी ■ अंतिम छोर तक पहुंच रहा प्रशासन, एक ही छत के नीचे दर्जनों सेवाएं : डीएम

## पुस्तक महोत्सव में बड़े स्तर पर दून वासी खरीद रहे मनपसंद किताबें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की ओर से आयोजित 9 दिवसीय दून पुस्तक महोत्सव समापन की ओर है। 04 अप्रैल से शुरू हुए बुक फेस्टिवल का रविवार को आखिरी दिन है। पाठकों की अभिरुचि और आमद को देखते हुए बुक स्टॉल पर प्रकाशकों द्वारा 20 से 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। पाठक अपनी पसंदीदा पुस्तकों और रचनाकारों की कृतियां खरीदने के लिए पुस्तक मेले में उमड़ रहे हैं। प्रकाशकों का कहना है कि देहरादून के पाठक अच्छी संख्या में पहुंच रहे हैं।

एन.बी.टी. प्रकाशन के स्टॉल में भारत के इतिहास, भूगोल, राजनीति, प्रसिद्ध विभूतियों के साथ-साथ गढ़वाली एवं कुमाउंनी में लिखित बाल साहित्य को पाठक हाथों हाथ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक एक्साम वॉरियर्स भी बच्चों को भा रही है। वाणी प्रकाशन के अतुल माहेश्वरी ने बताया कि पाठक बड़ी संख्या में किताबें खरीदने आ रहे हैं। गुनाहों का देवता, दीवार में एक खिड़की रहती है, राग दरबारी की खासी मांग है। युवा पाठकों में जॉन ऐलिया की शायरी की मांग भी ज्यादा है। समय साक्ष्य प्रकाशन के प्रवीन भट्ट का कहना है कि उत्तराखंडी लेखकों की कथा संग्रह व कविता संग्रह को खरीदने में पाठक अच्छी रुचि दिखा रहे हैं।



### दून के पाठकों को पसंद आ रहा गढ़वाली-कुमाउंनी बाल साहित्य

**देहरादून।** दून पुस्तक महोत्सव में एन.बी.टी. द्वारा एक अभिनव प्रयोग के तहत हिंदी भाषा की लोकप्रिय कहानियों का गढ़वाली-कुमाउंनी अनूदित संस्करण प्रस्तुत किया गया है। गढ़वाली-कुमाउंनी भाषा में रचित लघु कथाएं, चित्रकथाएं, कहानी संग्रह देहरादून के पुस्तक प्रेमियों की पसंद बना हुआ है।

कुमाउंनी भाषा में कहानी संग्रह- बढ़नै जाणी कान, गज्जू हिटण भैगो, हाथी और कुकुर, काथ द्वी कुकरोंकि, तथा भुलिया झन कका जैसी लंबी कहानी सहित जस कै तस, आम वलि चड़ि, स्यू घ्यटल, धनैशा प्वाथलि उड़न सिखौ नामक चित्र कथाएं पाठकों को काफी पसंद आ रही हैं। वहीं गढ़वाली भाषा बाल साहित्य में गुलाब क दगड़ू, अभिमानै हार जैसी लंबी कहानी, जबकि सिमार वाव् उड्यार, छिपाडु हर मेंढकु, हर्यळि की खेज चित्रकथाएं उपलब्ध हैं।

# यात्रा को लेकर सड़कों को रखा जाएगा अतिक्रमण मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित व्यापार मण्डल व विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में मुख्य बाजार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था, सड़क किनारे खड़े लावारिस वाहनों को हटाने तथा फुटपाथों पर हो रहे अतिक्रमण को समाप्त करने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में यातायात संचालन को प्रभावी बनाया जाए तथा सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। बैठक के दौरान अन्य विभागों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। जिला चिकित्सालय के लिए दिशा सूचक बोर्ड लगाने, नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने तथा यात्रा काल में बाजार में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को अवगत कराने की बात कही गई। एसपी ने नगर पालिका एवं स्थानीय व्यापार मण्डल के सहयोग से फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही लावारिस वाहनों का चिन्हीकरण कर उन्हें निर्धारित स्थानों पर हटाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने के लिए स्थानीय लोगों से अनाउंसमेंट के माध्यम से सहयोग लेने को कहा गया। टैक्सी यूनियनों के साथ समन्वय बनाते हुए यात्रा अवधि के दौरान उनके संचालन हेतु निर्धारित प्वाइंट तय करने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश यातायात निरीक्षक व एसएचओ को दिए गए। एसपी ने कहा कि सभी विभागों, व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों के समन्वय से ही यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सकता है। बैठक का समापन इसी अपेक्षा के साथ किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग विकास पुण्डीर, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी वेद प्रकाश भट्ट, यातायात निरीक्षक कैलाश शर्मा, एसएचओ रुद्रप्रयाग सुरेश बलूनी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, जीप टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पूरन सिंह कप्रवाण, जिला महामंत्री चन्द्रमोहन सेमवाल, टाटा सूमो यूनियन अध्यक्ष गणेश सेमवाल, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष हिमपाल भण्डारी मौजूद रहे।



■ व्यापार मण्डल व स्टेकहोल्डर्स के साथ एसपी ने की बैठक

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दून लिट फेस्ट में नितिन सेठ ने बताया एआई का महत्व

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दून पुस्तक महोत्सव के बाल मंडप में शनिवार को आठवां दिन उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें 1200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। दिन की शुरुआत सुभाष रावत के इंटरएक्टिव स्टोरीटेलिंग सत्र से हुई, जहां "मीरा और शेर" की कहानी ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को नई उड़ान दी। इसके बाद हिम्मत सिंह नेगी के "मैजिक ऑफ वॉइस" वॉइसओवर वर्कशॉप ने बच्चों को आवाज की दुनिया से परिचित कराया, जिसमें उन्होंने वॉइस मॉड्यूलेशन, माइक्रोफोन के उपयोग और उच्चारण जैसी तकनीकों को उत्साहपूर्वक सीखा। 'स्टोरीज दैट इंस्पायर चैंज' सत्र में राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय की टीम के साथ बच्चों ने समूहों में अपनी-अपनी कहानियां और पात्र गढ़े, जबकि दिन का समापन बिसलेरी टीम के "थ्तवउ ेंजम जव ेंवू" सत्र के साथ हुआ, जहां बच्चों ने प्लास्टिक कचरे के रिसाइकल और उसके रचनात्मक उपयोग के बारे में जाना।दून लिट फेस्ट में आयोजित एक विचारोत्तेजक सत्र में, इनसीडो के सीईओ एवं सह-संस्थापक नितिन सेठ ने कर्नल अजय के. रैना (लेखक एवं सैन्य इतिहासकार) के समन्वयन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि एआई को नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है, क्योंकि दुनिया का भविष्य इसी तकनीक से जुड़ा हुआ है। नितिन सेठ ने एआई को सीखने और समझने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से हम कई क्षेत्रों में लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर तकनीक के दो पहलू होते हैं, इसलिए हमें इसके सकारात्मक पक्ष पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इसे सीखकर और अपनाकर अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करना चाहिए।




■ बाल मंडप में 1200 से अधिक विद्यार्थियों की रही भागीदारी

### समापन समारोह में होगी म्यूजिक बैंड शंका ट्राइब बैंड की मनमोहक प्रस्तुति

दून बुक फेस्टिवल 2026 का अंतिम दिन विशेष आकर्षणों से भरपूर रहेगा। बाल मंडप में बच्चों के लिए रचनात्मक लेखन कार्यशाला और फूलदेई रचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जहाँ वे अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता को नए आयाम देंगे। वहीं, फेस्टिवल का भव्य समापन प्रसिद्ध फ्यूजन म्यूजिक बैंड शंका ट्राइब बैंड की मनमोहक प्रस्तुति के साथ होगा, जो अपने अनोखे संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है।

## देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन जुड़े ठेकेदारों ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जल जीवन मिशन से जुड़े हुए ठेकेदारों द्वारा बीते 6 अप्रैल को इंदर रोड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया था, उसके बाद मिशन निदेशक रोहित मीणा जी के अनुरोध पर सभी ठेकेदारों को सचिवालय बुलाकर एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के कार्यों का भुगतान न होने एवं अन्य समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस बैठक को संज्ञान में रखते हुए सचिव महोदय द्वारा ठेकेदारों को एक लिखित पत्र जारी किया गया है, जिसमें उनकी सभी मांगों पर स्वीकृति लेते हुए विभाग से मिनट ऑफ मीटिंग जारी की गई है। ठेकेदारों के सभी मांगों को उल्लेखित करते हुए उन्हें आश्वासन दिया गया है कि आपकी समस्याओं का समाधान एवं बकाया भुगतान पर शासन प्रशासन गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर रही है।

देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष सचिन मित्तल, महा सचिव सुनील गुप्ता ने कहा कि मिशन निदेशक रोहित मीणा का मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने गंभीरता पूर्वक हमारे धरना प्रदर्शन पर विचार किया एवं हमें यह लिखित पत्र दिया है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में हमें भुगतान शीघ्र किया जाएगा और जल जीवन मिशन जुड़े हुए ठेकेदारों को राहत मिलेगी।

# चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू, सुगम व सुरक्षित संचालन के लिए प्रशासन अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी चारधाम यात्रा को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों को पहले से ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों, ठहराव स्थलों, यात्री सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा शुरू होते ही यात्रा से संबंधित दैनिक बुलेटिन सूचना विभाग के माध्यम से नियमित रूप से जारी किया जाएगा। इससे यात्रियों और आमजन को यात्रा की ताजा स्थिति, मौसम, मार्ग और अन्य जरूरी जानकारियां समय-समय पर मिलती रहेंगी।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने खासतौर पर ऑनलाइन बुकिंग को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हर साल कुछ लोग फर्जी वेबसाइटों के झांसे में आकर हेलीकॉप्टर या अन्य सेवाओं की बुकिंग कर लेते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस समस्या से बचने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है कि केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग केवल आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से ही की जाए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने भ्रामक और झूठी खबरों के प्रसार पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है, जो विभिन्न प्लेटफॉर्म पर नजर रखते हुए गलत सूचनाओं की मॉनिटरिंग करेगा।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि यदि उनके विभाग से संबंधित कोई भ्रामक या गलत सूचना प्रसारित होती है तो उसका तत्काल खंडन किया जाए। इससे लोगों तक सही और प्रमाणिक जानकारी समय पर पहुंच सकेगी और किसी प्रकार की अफवाह फैलने से रोकी जा सकेगी।

जिलाधिकारी ने मीडिया कर्मियों से भी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले संबंधित अधिकारी से उसकी पुष्टि अवश्य कर ली जाए और संबंधित पक्ष का वर्जन भी लिया जाए। इससे समाचारों की विश्वसनीयता बनी रहेगी और आमजन तक सही जानकारी पहुंचेगी।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट या संदिग्ध सूचना पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यात्रा में सहयोग करें, ताकि यह धार्मिक आयोजन सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुर में शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क में पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र सहित दो युवकों की मौत हो गयी। दो युवकों की मौत से गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार अलीपुर निवासी राहुल पुत्र रामवीर और राजकमल पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी अलीपुर बाइक पर गांव लौट रहे थे। गांव से कुछ दूर पहले ही पहले ही उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही उसमें आग लग गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जमा हुए ग्रामीणों ने दोनों युवकों के शवों को आग लगी बाइक से दूर किया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन सवार वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बहादराबाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल और जांच शुरू कर दी है। दो युवकों की अचानक हुई मौत से गांव में कोहराम मच गया। युवकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बहादराबाद कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हादसा होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। अज्ञात वाहन के बारे में भी



जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बहादराबाद की ओर जाने वाली नहर पटरी से सचिन शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा निवासी पट्टी चौधरान, बड़ौत बागपत (उप्र) को गिरफ्तार किया। वर्तमान में अभियुक्त हरकी पौड़ी क्षेत्र में रह रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से 6.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में चौकी बाजार प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल अग्रवाल, कां. दिनेश कुमार, कां. मनोज डोभाल शामिल रहे।

# गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई, 10 घरेलू सिलेंडर जब्त, युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर जिला पूर्ति विभाग द्वारा छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।

इसी क्रम में शनिवार को रावली महदूद क्षेत्र में पूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से 10 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही रिफिलिंग में प्रयुक्त एक वाहन को भी कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने बताया कि प्रशासन




को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से उपयोग कर उनकी रिफिलिंग कर रहे हैं और कालाबाजारी में लिप्त हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार की गैस कालाबाजारी, घटतौली या अवैध भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में पूर्ति निरीक्षक प्रकाश फर्त्याल, अरुण सैनी के साथ थाना सिडकुल की पुलिस टीम भी मौजूद रही।

## शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में शनिवार को 32 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सर्वप्रिय विहार, सतीकुंड निवासी विकास कश्यप पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने एक युवक को संदिग्ध हालत में पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो युवक मृत पाया गया। घटनास्थल से कुछ इंजेक्शन भी बरामद हुए हैं, जिसके चलते मामला संदिग्ध माना जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस युवक के दोस्तों और परिचितों से पूछताछ कर रही है और उसकी हालिया गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुज सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का गाड़ोवाली में भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का विधानसभा हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम गाड़ोवाली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मदन कौशिक ने कहा कि जनता द्वारा मिला अपार स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वे इस समर्थन के लिए सदैव आभारी रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

मदन कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। इसी विश्वास के आधार पर आगामी समय में प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही उन्होंने गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सबिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, सुशील चौहान, विकास तिवारी, सुशील त्यागी, ग्राम प्रधान मनीष कुमार, बिजेंद्र चौहान, देवपाल सिंह राठी, फुरकान अंसारी, नफीस अंसारी, डॉ. विक्रम सिंह, इरफान




अंसारी, विनय कुमार, इनायत अंसारी, विशाल चौधरी, तौसीफ अंसारी, विपुल चौधरी, मुकर्रम अंसारी, पुनीत कुमार, शौकीन, यशपाल चौधरी, सतवीर सिंह, वलीन अंसारी, विनीत कुमार, विशेष कुमार, डिंपल चौधरी, संदीप कुमार, उस्मान अंसारी, नईम अंसारी, अजब सिंह, राजपाल सिंह चौधरी, नरेश कुमार, सुदेश सैनी, संदीप शर्मा, वरुण चौहान, ऋषभ नरूला, मोहित कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में छह पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार छह अप्रैल की रात महिला अपनी पुत्रवधू के साथ घर में मौजूद थी। इसी दौरान महेंद्र, अजय, नितिन, परवीन, कृष्णा और प्रवींद्र कथित रूप से गलत नीयत से घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों महिलाओं के साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार जान बचाने के लिए जब वे बाहर भागीं तो आरोपियों ने पीछा कर ईंट-पत्थरों व अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गईं।

# हार्ट अटैक के बाद सही देखभाल से संभव है सामान्य जीवन : डा. अग्रवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के कार्डियोलॉजी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं यूनिट हेड डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि हार्ट अटैक का प्रभाव केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। हालांकि समय पर इलाज और सही देखभाल से अधिकांश मरीज फिर से सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।



आमतौर पर हार्ट अटैक के बाद मरीज को 2-3 दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है, लेकिन जटिलताएं होने पर यह अवधि बढ़ सकती है। डिस्चार्ज के समय मरीज और परिजनों को दवाओं और देखभाल से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी अच्छी तरह समझ लेना जरूरी है। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, हार्ट अटैक के बाद दवाओं की भूमिका बेहद अहम होती है। कई मरीज एक साथ कई दवाएं लेने को लेकर भ्रमित होते हैं, लेकिन हर दवा का अलग उद्देश्य होता है। कुछ दवाएं भविष्य के खतरे को कम करती हैं, जबकि कुछ वर्तमान लक्षणों जैसे सांस फूलना, सीने में दर्द और शरीर में पानी जमा होने को नियंत्रित करती हैं।

उन्होंने बताया कि एस्पिरिन और अन्य ब्लड थिनर खून के थक्के बनने से रोकते हैं और इन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के बंद नहीं करना चाहिए। दर्द की स्थिति में पैरासिटामोल को प्राथमिकता देनी चाहिए, जबकि आइबुप्रोफेन जैसी दवाओं से बचना चाहिए। स्टैटिन दवाएं खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं और दोबारा हार्ट अटैक या स्ट्रोक के खतरे को घटाती हैं। बीटा ब्लॉकर्स दिल की धड़कन नियंत्रित करते हैं, नाइट्रेट्स रक्त वाहिकाओं को फैलाकर ब्लड फ्लो बेहतर बनाते हैं, जबकि एसीई इनहिबिटर्स और एआरबी दिल की रिकवरी में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखते हैं। एसजीएलटी-2 इनहिबिटर्स भी अब इलाज का हिस्सा बन रहे हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि हार्ट अटैक के बाद कार्डियक रिहैबिलिटेशन बेहद जरूरी है, लेकिन भारत में इसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। यह एक संरचित कार्यक्रम है, जिसमें तीन प्रमुख पहलू शामिल होते हैंख्र नियमित व्यायाम और संतुलित आहार, जोखिम कारकों (जैसे धूम्रपान, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा) पर नियंत्रण और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान। हार्ट अटैक के बाद तनाव, चिंता और अवसाद सामान्य हैं, इसलिए मानसिक संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

खानपान में ताजे फल-सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल करने चाहिए। ऑलिव ऑयल जैसे प्लांट-बेस्ड ऑयल लाभदायक होते हैं। वहीं फास्ट फूड, तली-भुनी चीजें, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा नमक और चीनी वाले स्नैक्स से दूरी बनानी चाहिए। रेड मीट और शराब का सेवन सीमित रखें।

अंत में उन्होंने कहा कि हार्ट अटैक के बाद नियमित फॉलोअप बेहद जरूरी है, क्योंकि एक बार हार्ट अटैक होने के बाद भविष्य में दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। समय पर दवाएं लेना, डॉक्टर की सलाह का पालन करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना ही बेहतर रिकवरी की कुंजी है।

# आपरेशन कालनेमि : श्यामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किए 9 बहरूपिए बाबा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आपरेशन कालनेमि के तहत थाना श्यामपुर पुलिस ने 9 बहरूपिए बाबाओं को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाबाओं का बहरूप धारण तंत्र मंत्र और जादू टोने के नाम पर लोगों को गुमराह करने वाले फर्जी बाबाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्यामपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान नमामि गंगे घाट चंडीघाट व चिड़ियापुर क्षेत्र से 9 फर्जी बाबाओं रामचरण दास चेला कैलाशानन्द निवासी दक्षिण काली मन्दिर चण्डीघाट, गंगा साहु पुत्र जमना साहु, मंगू सिंह पुत्र तुंगल सिंह निवासी चण्डीघाट माजरा, खदेरु पुत्र रामरुप, मोहन कुमार पुत्र सहदेवराम निवासी




चण्डीघाट दक्षिण काली मन्दिर, लालगिरी पुत्र विस्वानाथ निवासी चण्डीघाट श्मशान घाट, घनश्याम पुत्र देव सिंह निवासी लक्कड बस्ती चौकी चौक, जुगणु गुरु अमरनाथ निवासी धनपुरा थाना पथरी व मुन्ना चेला संजीव सिंह निवासी चण्डीघाट छोला बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई संतोष सेमवाल, हे.कां. चालक फिरासत हुसैन, कां. सन्दीप रावत, अनिल रावत एवं राजवीर सिंह शामिल रहे।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी, नाबालिग को भगाने वाला 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस के ऑपरेशन प्रहार के तहत पथरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले पांच हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से नाबालिग को लेकर फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस के अनुसार 21 जनवरी 2026 को पीड़िता की मां ने थाना पथरी में तहरीर देकर अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला अलग अलग समुदाय से जुड़ा हुआ था, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपहरण का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर गठित पुलिस टीम लगातार दबिश और पतारसी/सुरागरसी करते हुए शुक्रवार को सुभाष गढ़ तिराहे से पथरी थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक शाहिदा परवीन, व उपनिरीक्षक मुकेश राणा व कांस्टेबल मुकेश चौहान ने आरोपी को नाबालिग लड़की सहित गिरफ्तार किया है। बरामद नाबालिग का मेडिकल कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम ब्रहमरपुर कोतवाली रुड़की है, जिस पर एसएसपी द्वारा पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में प्रगत भारत संस्था की और से सती कुंड कनखल स्थित महिला महाविद्यालय में बाबा साहेब के जीवन दर्शन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रगत भारत संस्था के अध्यक्ष सुदीप बनर्जी की अध्यक्षता एवं डा. अनुराधा पांडेय के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथी डा.अशोक शास्त्री, महाविद्यालय की निदेशक डा. अल्पना शर्मा एवं निर्णायक मंडल के रूप में गरिमा जैन, डा. शशि प्रभा तोमर, डा.शैलजा, डा. राखी सिंह, मोनिका शर्मा एवं डा. रिंकू बत्रानी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राजनीति विज्ञान विभाग की पलक ने धीमान प्रथम, रंजना ने द्वितीय व नोरिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डा.अशोक शास्त्री ने विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। डा.अशोक




शास्त्री ने कहा कि डा.अम्बेडकर का जीवन दर्शन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि एवं संस्था के सचिव डा.कमलेश कांडपाल ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। छात्राओं को उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और न्याय की स्थापना में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर एडवोकेट रूपचंद आजाद, जितेंद्र कुमार धर्मराज, रामधन सिंह, उदय राम, प्रगत भारत संस्था के सदस्यों सहित महाविद्यालय के अध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन जितेंद्र धर्मराज ने किया। डा.अनुराधा पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सनातन का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है कुंभ मेला : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि कुंभ मेला सनातन का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है। अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेले का भव्य और दिव्य आयोजन किया जाएगा। निरंजनी अखाड़े में भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, गीता आश्रम स्वर्गाश्रम के अध्यक्ष डा.दीपक गुप्ता, प्रबंधक भानू मित्र शर्मा, श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, पंडित पवन कुमार शास्त्री व अन्य भक्तों के साथ सनातन धर्म और कुंभ मेले के आयोजन पर चर्चा करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुंभ मेले के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन रात प्रयास कर रहे हैं। प्रयागराज की तर्ज पर हरिद्वार कुंभ मेला दिव्य व भव्य स्वरूप में संपन्न होगा। सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से कुंभ मेले की दिव्य छठा से सनातन को नई दिशा मिलेगी। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि गंगा भारत की आध्यात्मिक धरोहर और कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की अद्भूत पहचान है। हरिद्वार कुंभ मेले के आयोजन से सनातन संस्कृति और समृद्ध होगी।



# पेट्रोल पंप विवाद में क्रॉस मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के देश रक्षक चौक स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहले दर्ज मुकदमे में पेट्रोल पंप कारोबारी का नाम सामने आने के बाद विवाद और गहरा गया है, जबकि कारोबारी ने घटना के समय मौके पर मौजूद न होने का दावा किया है।

पुलिस को दी शिकायत में देशरक्षक स्थित पेट्रोल पंप पर कार्यरत ऐश्वर्य रस्तोगी निवासी गणेश विहार फेज-5, कटारपुर ने बताया कि नौ अप्रैल को वह अपनी गाड़ी का लॉक खुलवाने के लिए पंप पर पहुंचा था। इसी दौरान नीरज अग्रवाल अपने एक साथी के साथ वहां पहुंचा और पुराने लेन-देन को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

पीड़ित के अनुसार हमले में उसके सिर, सीने और कंधे में गंभीर चोटें आईं। उसने आरोप लगाया कि आरोपी पूर्व में भी उसके छोटे भाई के साथ मारपीट कर चुके हैं और पुरानी रंजिश के चलते परिवार को निशाना बना रहे हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी।

वहीं, पेट्रोल पंप कारोबारी प्रतीक अग्रवाल का कहना है कि घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं थे, इसके बावजूद उनका नाम मुकदमे में शामिल किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्कूल में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, छात्रों को दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हेतमपुर स्थित नीशू पब्लिक स्कूल में शनिवार को फायर स्टेशन मायापुर की ओर से मॉक ड्रिल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन अधिकारी बीरबल सिंह व फायर सर्विस चालक प्रवीण राणा ने छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ को आग से बचाव और सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान स्कूल परिसर में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार शांत रहकर प्राथमिक उपकरणों का इस्तेमाल कर शुरुआती स्तर पर आग पर काबू पाया जा सकता है।



कार्यक्रम में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर से लगने वाली आग से बचाव के तरीके भी समझाए गए। साथ ही ऐसी स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और त्वरित कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आपातकालीन नंबर 112 की विशेषताओं के बारे में भी अवगत कराया और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना देने तथा राहत एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की।

# डॉ. संजय सैनी को 'संगम अकादमी सम्मान' से नवाजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद के सुदूरवर्ती ग्राम तेलपुरा निवासी साहित्यकार डॉ. संजय कुमार सैनी को साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'संगम अकादमी सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संगम अकादमी पब्लिकेशन, कोटा (राजस्थान) द्वारा प्रदान किया गया।

डॉ. सैनी को हिंदी भाषा के संवर्धन, साहित्य सृजन तथा सामाजिक जनजागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे उनके कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया है। वह पेशे से अधिवक्ता होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और एक विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। साहित्य के क्षेत्र में उनकी एक विशिष्ट पहचान है। उनकी गद्य एवं पद्य में लगभग एक दर्जन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, वहीं कई साझा काव्य संग्रहों में भी उनकी रचनाओं को स्थान मिला है। संगम पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने वाली काव्य पुस्तक 'संगम' सहित अन्य संग्रहों में भी उनकी कविताएं प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ. सैनी को राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें विक्रमशिला विद्यापीठ, बिहार द्वारा प्रदान किया गया 'सारस्वत सम्मान', 'विद्या वाचस्पति (पीएचडी)' तथा 'विद्या सागर (डी.लिट)' की मानद उपाधियां शामिल हैं। उनके सम्मानित होने पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा बड़ा पुत्र अभिषेक गुप्ता मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किसी भी कृत्य कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। राजकुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश गुप्ता, निवासी मकान नंबर 211/5 नया 304 पूर्वी दीनदयाल, रुड़की थाना गंगनहर जिला हरिद्वार उत्तराखंड ।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# मौसम खुलते ही केदारनाथ यात्रा तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार



■ धाम में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन, बीकेटीसी का एडवांस दल मैदान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मौसम साफ होते ही केदारनाथ धाम यात्रा की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। प्रशासन और बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। धाम में पिछले दो दिनों से मौसम अनुकूल रहने के चलते तैयारियों में तेजी आई है और विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बीकेटीसी का एडवांस दल केदारनाथ धाम में डेरा डाले हुए है और पेयजल, विद्युत सहित मूलभूत सुविधाओं को सुचारू करने में जुटा है। बर्फबारी के बाद बाधित व्यवस्थाओं को बहाल करने के लिए टीम लगातार कार्य कर रही है, ताकि कपाट खुलने से पूर्व सभी जरूरी सुविधाएं व्यवस्थित हो सकें। वहीं जिला प्रशासन भी यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के साथ ही धाम में आवश्यक संसाधनों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। ऐसे में प्रशासन और बीकेटीसी हर स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस बार यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं देखने को मिलेंगी। बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती ने बतायाकि धाम में बर्फ हटाने का कार्य लगातार जारी है। आईटीबीपी के जवानों के सहयोग से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों से बर्फ साफ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मौसम खुलते ही तैयारियों में तेजी लाई गई है और एडवांस टीम पेयजल, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रयास यही है कि कपाट खुलने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार रहें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**मजदूरों ने थारू ग्लेशियर में रास्ता किया साफ**

**रुद्रप्रयाग।** गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग के लिनचोली के पास बीते शुक्रवार को अचानक थारू ग्लेशियर टूटने से भारी मात्रा में बर्फ और मलबा मार्ग पर आ गया था, जिससे करीब 100 मीटर पैदल रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मजदूरों ने टीम ने कड़ी मेहनत के साथ मार्ग से बर्फ को हटाकर रास्ते को आवाजाही लायक बना दिया है। लोनिवि गुप्तकाशी के अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि केदारनाथ पैदल मार्ग में भारी बर्फबारी होने से बड़े-बड़े ग्लेशियर चुनौती बने हुए हैं। इन चुनौतियों से लड़कर मजदूरों की टीम रास्ता तैयार करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि थारू ग्लेशियर के टूटने के बाद मार्ग बंद हो गया था, जिस पर बर्फ को हटाते हुए मार्ग को आवा. जाही लायक बना दिया गया है।

# सहसपुर में भाजपा का 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के सुद्दोवाला मंडल की मांडूवाला ग्राम सभा में भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 'गांव चलो बस्ती चलो अभियान' के तहत राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल के नेतृत्व में ग्राम सभा में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संद. ेश दिया और लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अमित डबराल ग्राम प्रधान वर्षा उनियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास रमोला, नरेन्द्र सकलानी, सिकन्दर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। भुवन विक्रम डबराल ने कहा कि भाजपा का 'गांव चलो अभियान' केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनजागरूकता का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है और ऐसे अभियानों के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

## श्रीनगर में भाजपा ने महात्मा ज्योतिबा फुले को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा ने शनिवार को कमलेश्वर मंदिर में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने कहा कि महात्मा फुले को महान समाज सुधारक के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के कटगुण गांव में हुआ था। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए महिलाओं, दलितों, वंचितों और किसानों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री गणेश भट्ट ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले को बाल विवाह का विरोध करने, विधवा विवाह का समर्थन करने तथा दलित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सदैव याद किया जाएगा। मौके पर गर निगम पार्षद मीना असवाल, ओबीसी मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष उमा गुनसोला, जिला महामंत्री राजेश्वरी पुरी, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र पुरी, शशि पंवार, सरला पवार, हंसा पंवार, हरीश पंवार, सोनी कौर सहित आदि मौजूद थे।

# चकराता में गैस संकट गहराया, आपूर्ति व्यवस्था चरमराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पहाड़ी क्षेत्र चकराता में रसोई गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बीते नौ दिनों से अधिक समय से गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने के कारण उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। शनिवार को चकराता के लिए भेजी गई गैस सप्लाई वाहन को रास्ते में ही कुछ लोगों ने रोक लिया, जिसके चलते वाहन गंतव्य तक नहीं पहुंच सका और बीच रास्ते में ही सिलेंडर समाप्त हो गए।

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे तहसील मुख्यालय का घेराव कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। क्षेत्र में गैस एजेंसी के अभाव के कारण हजारों उपभोक्ता शेरपुर स्थित एकमात्र एजेंसी पर निर्भर हैं, जहां से सीमित संसाधनों के जरिए आपूर्ति की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, एजेंसी द्वारा छोटे वाहन के माध्यम से सिलेंडरों की ढुलाई की जा रही है, जो बढ़ती मांग के सामने अपर्याप्त साबित हो रही है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर की कीमत के साथ अतिरिक्त परिवहन शुल्क भी वहन करना पड़ रहा है, बावजूद इसके समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही।

गृहिणियों का कहना है कि घरों में गैस खत्म होने की स्थिति बन गई है, जिससे उन्हें वैकल्पिक साधनों पर भोजन बनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पूर्व में बुकिंग करा चुके उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। वहीं, स्थानीय होटल और रेस्टोरेंट संचाल. कों ने भी स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति न होने से उनके सामने व्यवसाय बंद करने की नौबत आ गई है।

इस संबंध में जब शेरपुर स्थित गैस एजेंसी संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। कई दिनों से संपर्क की कोशिशें जारी हैं, लेकिन संचालक द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चकराता में स्थायी गैस एजेंसी स्थापित कर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं से निजात मिल सके।

## एक नजर .......

### महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयन्ती पर शैलशिल्पी विकास संगठन ने दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ।** उन्नीसवीं सदी के प्रारंभिक चरण में 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र में जन्में क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को शैलशिल्पी विकास संगठन द्वारा सिम्मलचौड़ स्थित उत्तराखंड रत्न,कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति पुस्तकालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई , संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने स्त्री-शिक्षा, विधवा-पुनर्विवाह, जातीयता का निर्मूलन, किसान और कामगारों के जीवन में मूलभूत परिवर्तन लाने जैसे समाज-सुधारों के लिये अपना पूरा जीवन लगाया इसीलिये वे सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कहे जाते हैं, उन्होंने सामाजिक समता, धार्मिक सहिष्णुता, आर्थिक न्याय और शोषण मुक्ति के लिये जीवन के अंतिम क्षण तक संघर्ष किया, वे आधुनिक महाराष्ट्र के महान समाज चिंतक हुये जिन्होंने किसान, श्रमिक, बहुजन समाज, दलित और महिलाओं पर हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई, रूढ़िवादी विचारों पर तथ्यात्मक आलोचना का चाबुक चलाया तथा विभिन्न जातियों और पंथों के लोगों को भाईचारे की सीख दी । उनकी धारणा थी कि शिक्षा हर दृष्टि से सभी सुधारों का प्रवेशद्वार है इसलिये उन्होंने शूद्रों, अतिशूद्रों तथा महिलाओं के लिये अपने संघर्षों से शिक्षा के द्वार खुलवाए उनके सभी सामाजिक कार्यों में उनकी धर्मपत्नी माता सावित्रीबाई फुले ने सदैव कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया ।

### समाज सुधारक ज्योतिबा फुले को जयंती पर किया याद

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र में महान समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले (ज्योतिबा फुले) की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को उनके जीवन, विचारों एवं समाज सुधार में उनके योगदान के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में केंद्र के छात्रों ने सुनील, पूनम, किशोर एवं अनामिका ने ज्योतिबा फुले के जीवन परिचय एवं उनके समाज सुधार के कार्यों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होने अपने वक्तव्य के माध्यम से समाज में शिक्षा के महत्व, समानता के सिद्धांत तथा महिला सशक्तिकरण के विषय पर अपने विचार साझा किए। केंद्र समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के प्रसार, समाज में समानता स्थापित करने तथा बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. वीर सिंह, डॉ. मुकेश सहाय, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. शैलेन्द्र सहित आदि मौजूद थे।

# बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन विलेज बौराड़ी में मिला सहारा



■ चाइल्ड हेल्पलाइन व बाल कल्याण समिति ने दो बहनों को भेजा चिल्ड्रन विलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में चाइल्ड हेल्पलाइन और बाल कल्याण समिति की सक्रियता से दो बेसहारा बालिकाओं को नया जीवन और सुरक्षित भविष्य की दिशा मिली है। ऊखीमठ विकासखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र राउलैंक से प्राप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन रुद्रप्रयाग को सूचना मिली थी कि एक विधवा महिला अपनी पांच बेटियों के साथ अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। सूचना मिलते ही परियोजना समन्वयक सुरेंद्र सिंह रावत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिवार किराए के मकान में रहकर कठिन हालात में जीवन बिता रहा है। इससे पहले इसी परिवार की एक 14 वर्षीय बालिका कैंसर से पीड़ित थी, जिसे चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिवार और भी अधिक संकट में आ गया। परिवार की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन ने दो बालिक. ाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें एसओएस चिल्ड्रन विलेज इंडिया के बौराड़ी (टिहरी गढ़वाल) स्थित केंद्र में भेजने का निर्णय लिया।

इसके लिए बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण इकाई के समन्वय से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। दोनों बालिकाओं को विधिवत रूप से संस्था में सुरक्षित संरक्षण हेतु भेज दिया गया है, जहां उनके रहने, पढ़ाई और समुचित पालन-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

यह पहल न केवल बच्चों के संरक्षण की दिशा में एक हत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि समय पर की गई सरकारी और सामाजिक हस्तक्षेप से जरूरतमंद बच्चों को नया जीवन मिल सकता है।

## शैक्षणिक सत्र के आरंभ में सेपियंस में उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। हरबर्टपुर और विक. ासनगर में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ पर उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का सफल संचालन पारुल, आशा गुसांई, नितेश यादव, सागर, मानसी पवार, अंजलि एवं पुष्पा, सीमा मलिक, पल्लवी द्वारा किया गया। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों तथा आगामी योजनाओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल ने विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी एवं विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों तथा अभिभावक-विद्यालय के समन्वय के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह भी किया। इसके बाद विभिन्न विषय अध्यापकों ने पाठ्यक्रम, परीक्षा पद्धति एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विभु गोयल, विद्या जोशी, वंदना, अदिति आले ,कमल क्षेत्री, मोनिका शर्मा, पूर्णिमा, नंदी बिष्ट, अश्वनी कुमार, सुमालती उनियाल, मानसी पाल, रवि, प्रियंका पाराशर आदि समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# वीकेंड पर चकराता में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** वीकेंड के दौरान चकराता क्षेत्र में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली। शांत और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस पहाड़ी स्थल पर बड़ी संख्या में सैलानियों ने पहुंचकर सुकून भरे पल बिताए। चकराता छावनी क्षेत्र में भी पर्यटकों की अच्छी-खासी भीड़ नजर आई, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक बनी रही।

स्थानीय प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी भारी भीड़ रही। विशेष रूप से टाइगर फॉल पर्यटकों से खचाखच भरा नजर आया। यहां प्राकृतिक झरने में पर्यटक नहाते और मौज-मस्ती करते दिखे। वहीं, बढ़ती भीड़ के कारण पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम की समस्या का भी सामना करना पड़ा। चकराता छावनी में वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

पर्यटकों का कहना है कि वे वीकेंड पर शांति और सुकून की तलाश में चकराता का रुख करते हैं। यहां का शांत वातावरण, हरियाली से भरे पेड़-पौधे और प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यही कारण है कि चकराता क्षेत्र पर्यटकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है।

वहीं, चिलमिरी टॉप पर सूर्यास्त के मनमोहक दृश्य को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। यहां देश भर से आए सैलानी सनसेट के खूबसूरत नजारों का आनंद लेते नजर आए।

कुल मिलाकर, वीकेंड पर चकराता के पर्यटन स्थलों पर चहल-पहल बनी रही, जिससे क्षेत्र का पर्यटन व्यवसाय भी उत्साहित नजर आया।

# महाविद्यालय डाकपत्थर में नवाचार एवं बाजार की पहुंच विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में "नवाचार एवं बाजार की पहुँच" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बदलते आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक परिवेश में उद्यमिता, स्वरोजगार और बहु-कौशल विकास के प्रति जागरूक करना था।




कार्यक्रम के प्रथम सत्र में देवभूमि उद्यमिता योजना की कार्ययोजना अधिकारी सपना ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों, उद्यमिता के स्वरूप, वैश्विक गत्यात्मक बाजार में एंटरप्रेन्योरशिप की प्रासंगिकता तथा रोजगार सृजन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने नवाचार, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, जोखिम प्रबंधन तथा बाजार की समझ को सफल उद्यमिता के प्रमुख आधार बताया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में छात्र-छात्राओं की व्यावसायिक अभिरुचि, रुझान एवं उद्यमशील सोच को जानने के उद्देश्य से बहुविकल्पीय परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. हरीश चंद्र जेटली, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. डीएस नेगी, भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद रावत, वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार शाह, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि बहुखंडी आदि उपस्थिति रही।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नं0 915000542998 में त्रुटिवश मेरा नाम लव (LAV) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम लव टम्टा (LUV TAMTA) है। जो मेरे स्थाई निवास प्रमाण-पत्र पंजी सं० UK26ES0100010657 व हाईस्कूल अनुक्रमांक 25118413 में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे लव टम्टा (LUV TAMTA) पुत्र विमल टम्टा के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। **निवासी-टम्टा मोहल्ला धार्मी थाना बाजार अल्मोड़ा उत्तराखण्ड।**

**Notice**

I ARMY NO 5050043A HAV DIL BAHADUR G C S/O MAN BAHADUR CHEETRI R/O 14 GTC SUBATHU, SHIMLA HILLS HIMACHAL PRADESH. MY ARMY RECORD WIFE NAME IS KUSUM GC HAS BEEN WRONGLY ENTERED CORRECT NAME IS KUSUM G C KUNWAR, AS PER NEPALI NPP.

# केदारनाथ यात्रा मार्गों में बिक रही अवैध शराब, महिलाओं में उबाल



■ अवैध शराब के खिलाफ केदारघाटी की महिलाओं ने निकाली रामपुर बाजार में आक्रोश रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारघाटी क्षेत्र में अवैध शराब की बढ़ती बिक्री के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को रामपुर मुख्य बाजार में न्यालसू और सीतापुर की महिलाओं ने जागरूकता रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। महिलाओं ने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्गों में अवैध शराब बिक रही है, जिससे देश-विदेश से यात्रा पर आने वाले यात्रियों की आस्था को ठेस पहुंच रही है।

रैली के दौरान महिलाओं ने "नशामुक्त हो गांव-क्षेत्र हमारा" जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया और अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने की मांग उठाई। महिलाओं का कहना है कि बार-बार शिकायत और प्रदर्शन के बावजूद गांव-गांव तक अवैध शराब पहुंच रही है, जिससे परिवारों में अशांति और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं।

यात्रा मार्गों में अवैध शराब बिकने से केदारनाथ यात्रा में आने वाले भक्तों की आस्था को ठेस पहुंच रही है। महिला मंगल दल अध्यक्ष ग्राम न्यालसू संध्या देवी ने कहा कि क्षेत्र के लगभग हर गांव में महिलाएं अवैध शराब के खिलाफ आंदोलन कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि शराब की वजह से कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। ग्राम प्रधान न्यालसू बबीता देवी ने बताया कि गांव में पहले ही बैठकों के माध्यम से शादी समारोह सहित अन्य आयोजनों में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद अवैध रूप से शराब की आपूर्ति जारी है, जिसे रोकने के लिए महिलाओं को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि पूर्व में इस संबंध में कोतवाली सोनप्रयाग में ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सख्त कदम उठाने की मांग की है। रैली में सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सेमवाल, पूर्व महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रमिला देवी, उपाध्यक्ष बबीता देवी, लीला देवी, ललिता देवी, रूक्मणी देवी, नीमा देवी, अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

## शिवालिक एकेडमी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

■ एकेडमी के वरिष्ठ शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में विद्यालय का 34वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबंधक सोमदत्त त्यागी, प्रधानाचार्या रजनी त्यागी, को ऑर्डिनेटर तान्या त्यागी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर विद्यालय की स्थापना 11 अप्रैल 1992 को होने की गौरवशाली स्मृतियों को ताजा किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय कुंवर जीत सिंह त्यागी को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। श्रीमती ऋतु त्यागी जी ने बताया कि उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्श एवं मूल्य आज भी विद्यालय की प्रगति का आधार हैं। विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्या ने विद्यालय की 34 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए इसे सपनों, समर्पण एवं विश्वास का परिणाम बताया तथा साथ ही शेर सिंह के 34 वर्षों की मेहनत, लगन तथा कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक शेर सिंह को उनके 34 वर्षों के अतुलनीय योगदान के लिए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रंजन, ऋतु त्यागी, रुचि एवं गुंजन पंत आदि मौजूद रहे।

**विज्ञापन**

**शिक्षक की आवश्यकता है**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत इस विद्यालय में शिक्षक की आवश्यकता है।

**रिक्त संख्या:-** **(02) संस्कृत शिक्षक एवं (01) आधुनिक शिक्षक (पूर्णकालिक)**

**विषय:-** **संस्कृत (साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, दर्शन)**

**विषय:-** **आधुनिक (हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित)**

**शैक्षिक योग्यता:-** **राज्य सरकार/यू.जी.सी.द्वारा निर्धारित परम्परागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता**

**मानदेय:-** **रू. 20,000/- प्रतिमाह (पूर्णकालिक शिक्षक के लिए)**

**नोट:-** अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान-पत्र पंजीकृत डाक के द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 20.04.2026 सायं 05:00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा गुणवत्ता परीक्षण की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जाएगी।

**प्रबन्धक/प्राचार्य**
**विद्यालय के पत्राचार का पूरा पता**
**ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय**
**भुवनेश्वरी सिद्धपीठ सितोनस्यूँ कोट पौड़ी गढवाल**
**पिन कोड 246148**
**मो.नं. : +919411577110, +919927034667**

# पीएम के दौरे को लेकर उत्साह, ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

एस आलम अंसारी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित उत्तराखण्ड दौरे को ऐतिहासिक बनाये जाने की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री दिल्ली देहरादून इकॉनोमिक कोरिडोर के लोकार्पण के साथ ही कई और सौगात उत्तराखण्ड को देंगे इसका इंतजार पूरे प्रदेश को हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की निगरानी खुद कर रहें है। वह इस दौरे की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरिय बैठक कर चुके हैं। प्रधानमंत्री के उत्तराखण्ड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने का रोड मैप तैयार कर चुका है। दौरे में कोई कमी न रहे इसके लिए सभी विभागों को पूर्ण समन्वय के साथ तैयारियां पूरा करने के सख्त निर्देश दिये गये है।

प्रधानमंत्री की एक विशाल जनसभा गढीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउण्ड में होगी जिसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। इस दौरे से राज्य सरकार को जहां हर बार की तरह बेहद उम्मीदें है वही जनता में भी उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर मौजूद मां डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करेंगे।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी पीएम दौरे को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पीएम मोदी के दौरे के दौरान अत्यधिक लोगों की भीड़ को देखते हुए रोड शो मार्ग के दायरे में आने वाले सभी अस्पतालों को भी जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें उत्तराखंड दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय भी शामिल है। सभी संबंधित विभाग पीएम के दौरे को लेकर अपने स्तर से तैयरियों को अंतिम रूप देने के लिए जुटे हुए हैं।



■ ऐतिहासिक क्षण: 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री करेंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का शुभारम्भ ■ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झलकेगी उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति ■ सीएम ने की है रोड शो के दौरान जन-जन से सहभागिता की अपील ■ इकोनॉमिक कॉरिडोर से रोजगार, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

### करीब 12 हजार करोड़ आई है दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर लागत

दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेसवे पर करीब 11,970 करोड़ रुपए की लागत आई है। ये एक्सप्रेसवे 210 किलोमीटर लंबा है। इस एक्सप्रेसवे से देहरादून से दिल्ली जाने वाले यात्री महज ढाई घंटे में दिल्ली पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के अलावा उत्तराखंड की हजारों करोड़ रुपए की तमाम परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इनमें 1000 मेगावाट क्षमता वाले टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार और बनबसा लैंड पोर्ट शामिल है।

### प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल होगी जनता

प्रधानमंत्री के 14 अप्रैल को होने जा रहे दौरे को ऐतिहसिक बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। लोग अपने घरों से निकलकर राष्ट्रीय ध्वज के साथ प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कार्यक्रम में शामिल होंगे जिससे पूरे राज्य में उत्सव जैसा माहौल नज़र आएगा।

### दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना उत्तराखंड के विकास को देगा नई दिशा

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना उत्तराखण्ड के विकास को नई दिशा देने वाली सिद्ध होगी। इस कॉरिडोर के माध्यम से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, प्रदेश में औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार होगा, जिससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स, परिवहन और निवेश के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का शुभारम्भ उत्तराखण्ड के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा और प्रदेश को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में और अधिक सशक्त बनाएगा।

### बड़ी संख्या में लाभार्थियों व जनता के आने की संभावना

देहरादून और हरिद्वार जिले से करीब 2300 बसों/ मैक्स के जरिए लाभार्थियों जनता और स्कूली/ कॉलेज के बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लाभार्थियों और जनता के आने की संभावना है।

### चुनावी शंखनाद के रूप में देखी जा रही पीएम की जनसभा

उत्तराखंड में आगामी साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक विशाल जनसभा होने जा रही है। ये जनसभा देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में होनी है, जिसको लेकर सरकार और संगठन तैयारी में जुटे हुए हैं। पीएम मोदी का यह दौरा आगामी चुनाव को लेकर चुनावी शंखनाद के रूप में भी देखा जा रहा है। 2027 के लिए इस चुनावी वर्ष में पीएम मोदी के दौरे से संगठन को काफी अधिक उम्मीदें हैं। संगठन का मानना है कि पीएम के इस दौर से भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह और अधिक बढ़ेगा, जिससे वो आगामी चुनाव के मद्देनजर ग्राउंड जीरो पर और अधिक बेहतर ढंग से काम करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे से पार्टी संगठन को आगामी चुनाव में हैट्रिक पूरी करने की उम्मीदों को भी और ज्यादा ऊर्जा मिलेगी। यही वजह है कि संगठन भी अपने स्तर से प्रधानमंत्री के 14 अप्रैल को होने वाले दौरे को लेकर ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है।

# राजकीय जूनियर हाई स्कूल पदमपुर में हुआ बाल मेले का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** राजकीय जूनियर हाई स्कूल पदमपुर में बाल मेले का आयोजन किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय निम्बूचौड़ की छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद देहरादून के तत्वाधान में आयोजित जनपदीय बाल मेले में राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेले का शुभारंभ प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी प्रधानाचार्य उमाकांत कुकरेती ने किया। इस दौरान संपन्न रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर की छात्रा कुमारी वंशिका ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुर की छात्रा कुमारी सृष्टि ने द्वितीय तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी की छात्रा कुमारी आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर की कुमारी आराध्या ने प्रथम, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार की कहकशा ने द्वितीय तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी की कुमारी आस्था ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी के छात्र राघव सिंह ने प्रथम, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्रा मरियम ने द्वितीय एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोटाढाक के आर्यन नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर के छात्र मोहम्मद ओसामा ने प्रथम, राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर के छात्र लकी चंद्र ने द्वितीय तथा राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज लालपानी की कुमारी आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागी बच्चों ने मेले में टिक्की चाट, पकौड़ी, जलेबी आदि का भरपूर लुत्फ उठाया एवं विद्यालय में स्थापित पुस्तकालय भी देखा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद की आजीवन सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी नैथानी ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर निर्णायक अरुण कुकरेती, निधि रावत, सुषमा ममगाई, संतोष रावत, अंजनी डिमरी, रविंद्र प्रसाद मंजेड़ा, अजय नौडियाल, सुबोध ध्यानी, कुल गौरव द्विवेदी, उमेश कुमार वर्मा, हर्षपाल कंडारी, सोमपाल सिंह, लक्ष्मी देवी, पुष्पा रावत, जागृति कुकरेती, दुर्गेश देवरानी, सुधीर डंगवाल आदि उपस्थित रहे।

### पत्रकार गणेश कांडपाल को भातृ शोक

**नैनीताल।** नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार गणेश चंद्र कांडपाल के बड़े भाई केएन कांडपाल (83) का निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों ने गहरा दुख जताया है। बता दें दिवंगत केएन कांडपाल 6 भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। वह अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्रों को छोड़ गए हैं।

### संस्थागत प्रसव के बारे में बताया

**नैनीताल।** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मुखय चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत के दिशा निर्देशों के क्रम में विभागीय टीमों द्वारा संभावित होम डिलीवरी वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है। टीम द्वारा शनिवार को जिले के रामगढ़ ब्लॉक के बसगांव पर आयोजित वीएचएनडी का निरीक्षण किया साथ ही बसगांव के क्षेत्र पर संस्थागत प्रसव को शत प्रतिशत करने के लिये जनसंपर्क किया टीम में डीएस बिष्ट, जिला आईईसी अधिकारी भावना बिष्ट, एनएमए सुनीता आर्या, आशा, दया जोशी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री दीपा कांडपाल, पूनम, पूजा देवी, तुलसी कांडपाल तथा गायत्री आर्या व किरण मौजूद रहे।

### पाठशाला का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**नैनीताल।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा घोषित पूर्व मध्यमा द्वितीय व उत्तर मध्यमा द्वितीय के परीक्षाफल श्रीराम संस्कृत उत्तर मध्यमा पाठशाला तल्लीताल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र दिनेश चंद्र भट्ट ने उत्तरा मध्यमा द्वितीय (12वीं) की परीक्षा में सममान प्रथम श्रेणी हासिल की है। इस बीच दिनेश भट्ट के सराहनीय प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र आर्य, अध्यक्ष पदम सिंह रावत, प्रधानाचार्य हरीश चंद्र जोशी, अध्यापक मोहन चंद्र भट्ट, दीपक कुमार तथा नंदा बल्लभ गरजोला आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### हर्षित बने भाजयुमो नैनीताल के मंडल उपाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नैनीताल मंडल में हर्षित बिष्ट को मंडल उपाध्यक्ष की अहम जिममेदारी सौंपी गई है। बता दें हर्षित शुरू से ही सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करते हैं और विगत कुछ वर्षो से वे भाजयुमो के कार्यकर्ता भी रहे हैं। इस बार संगठन ने उन्हें अहम जिम्मेदारी देते हुए मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नैनीताल नियुक्त किया है। उनकी नियुकति पर भाजपाइयों ने खुशी जाहिर कर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### महिला मोर्चा की जंबों कार्यकारिणी घोषित

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के निर्देशानुसार नैनीताल नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की की संस्तुति पर मंडल प्रभारी प्रकाश आर्या व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती की सहमति के बाद मंडल अध्यक्ष अमिता साह ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। साह के मुताबिक कार्यकारिणी में रश्मि सिराला, नीरू पुजारी व वैशाली सिराला को उपाध्यक्ष जबकि मीरा बिष्ट व हेमलता पांडे को महामंत्री का अहम दायित्व सौपा गया है। इसके साथ ही हंसा आर्या, सुमन पंत व कविता बिष्ट को मंत्री जबकि कविता त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष के साथ ही सुमन माहौरी को मीडिया संयोजक, सो. शियल मीडिया संयोजक रेखा जोशी तथा आईटी संयोजक साक्षी को बनाया गया है जबकि कार्यकारियी के सदस्यों में रेनू पंत, भगवती शर्मा, ऊषा भट्ट, चंपा रेखाड़ी, उर्मिला बोरा, कुंति बोरा, दीपा चौधरी तथा सुनीता रावत को शामिल किया गया है।

# स्कूलों की नई समय सारणी पर पुनर्विचार की मांग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**द्वाराहाट।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, द्वाराहाट द्वारा विद्यालयों की नवीन समय सारणी में किए गए परिवर्तन पर आपत्ति दर्ज करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष ललित मोहन पालीवाल के नेतृत्व में प्रेषित किया गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि नवीन समय सारणी के कारण अनेक व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। एनसीएफ 2023 के अनुसार कक्षा 1-2 के लिए 4 घंटे तथा कक्षा 3-5 के लिए 5 घंटे की समय सीमा निर्धारित है, जबकि वर्तमान संशोधित समय सारणी से छोटे बच्चों पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के विपरीत है। संघ द्वारा यह भी बताया गया कि उत्तराखंड के पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में अनेक छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन 3-4 किलोमीटर तक पैदल चलकर विद्यालय आना-जाना पड़ता है। समय परिवर्तन के कारण बच्चों के घर लौटने का समय बढ़ेगा, जिससे तेज धूप एवं गर्मी के कारण उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण विशेष रूप से बालि. काओं की सुरक्षा एवं उपस्थिति प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की गई। साथ ही पूर्व से प्रचलित दूसरे शनिवार के अवकाश को यथावत रखने की भी मांग की गई है। संघ ने मांग की है कि नई समय सारणी पर विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावक संघ से चर्चा कर पुनर्विचार किया जाए तथा जब तक इस पर अंतिम निर्णय न हो, तब तक पूर्व में प्रचलित समय सारणी को ही प्रभावी रखने की अनुमति प्रदान की जाए।



### मंगोली में जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती गांव मंगोली में जमीन पर कब्जा कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर नई दिल्ली के साउथ एवेन्यू सैनिक फार्म निवासी शिवेंद्र बहल ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसकी ग्राम सभा सिरोड़ी मंगोली में पुश्तैनी जमीन है। तहरीर में उल्लेख किया गया है कि वह बीते 25 मार्च को वह कुछ मजदूरों की मदद से अपनी जमीन पर सफ़ स्फ़ाई व झाड़ी कटान करवा रहा था। इस दौरान एक स्थानीय निवासी बिशन सिंह मेहरा उसकी भूमि में घुस आया। जब उसने इसका विरोध किया तो बिशन सिंह ने उसके सिर पर प्रहार किये। गनीमत रही कि बचाव में सिर के आगे हाथ लगने से उसका सिर फूटने से बच गया,हादसे मेंउसके हाथ व पैर में गंभीर चोट आई है। जैसे तैसे लोगों व मजदूरों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। मामले में कोतवाली के एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मंगोली निवासी बिशन सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 333, 351(3) तथा 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# सीएम तक पहुंची पत्रकारों की समस्याएं

एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष अफजल फौजी, नगर अध्यक्ष गौरव जोशी ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया पत्रकार संगठन ने शनिवार को भीमताल में सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर ज्ञापन दिया। बता दें जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी तथा नैनीताल नगर अध्यक्ष गौरव जोशी के तत्वावधान में नैनीताल और भीमताल के पत्रकारों ने मुखयमंत्री धामी को ज्ञापन देकर शीघ्र उनकी समस्याओं के निस्तारण की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष अफजाल हुसैन फौजी ने बताया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके परिजनों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान से संबंधित है।

कहा कि अब तक निजी अस्पतालों में कराए गए उपचार के आधार पर बिलों का भुगतान होता रहा है लेकिन हाल के दिनों में कई बिल लंबित कर दिए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत राज्य के सरकारी अस्पतालों के अलावा केवल एमस दिल्ली तथा डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और पीजीआई चंडीगढ़ में ही उपचार की अनुमति दी जा रही है साथ ही एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित कर दी गई है। पत्रकारों का तर्क है कि आपात स्थिति में इन अस्पतालों में समय पर उपचार मिल पाना मुश्किल होता है जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि नियमों में संशोधन किया जाए या इन संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तब तक पूर्व व्यवस्था के अनुसार बिलों का भुगतान जारी रखा जाए। ज्ञापन में समाचार पोर्टलों की विज्ञापन सूचीबद्धता प्रक्रिया से जुड़े मामले में कहा कि यह प्रक्रिया सामान्यत: प्रतिवर्ष होती रही है लेकिन मई 2025 में चार वर्ष बाद इसे शुरू किया गया। करीब 11 माह बीतने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और पिछले पांच वर्षों की पुरानी सूची के आधार पर ही विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इससे पत्रकारों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की है कि सूचीबद्धता प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर नई सूची के अनुसार विज्ञापन जारी किए जाएं वही वरिष्ठ पत्रकारों की मान्यता के नवीनीकरण अब तक नहीं हो सकी है जिससे उनमें नाराजगी है। बताया जा रहा है कि एलआईयू रिपोर्ट में आई तकनीकी समस्याओं के कारण यह स्थिति बनी है। पत्रकारों ने मांग की है कि रिपोर्ट की पुन: समीक्षा कर जल्द मान्यता नवीनीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सहारा से जुड़े पत्रकारों की मान्यता भी इस वर्ष नवीनीकृत नहीं की गई है। यह निर्णय से देहरादून से प्रकाशन बंद होने के कारण लिया गया बताया जा रहा है जबकि प्रबंधन ने शीघ्र प्रकाशन पुन: शुरू करने की जानकारी दी है। ऐसे में पत्रकारों ने राष्ट्रीय सहारा के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों की मान्यता बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने उममीद जताई है कि शासन इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी, नैनीताल नगर अध्यक्ष गौरव जोशी समेत आकांक्षी माड़मी, हरीश पांडे, विजय थापा, हेमंत रावत, निर्मल नेगी, वैभव बिष्ट, कुलदीप कुमार तथा अमित पडलिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिष्ट ने सीएम को बताई समस्याएं

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने शनिवार को भीमताल दौरे पर पहुंचे सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विकास खंड की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की। इतना ही नहीं उन्होंने वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार की मदद से विकास खंड में चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। इससे पूर्व डा. बिष्ट ने भीमताल विकास भवन के खेल मैदान स्थित हेलीपैड पहुंचने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख डा. बिष्ट ने विगत दिनों हुई तेज बारिश तथा ओलावृष्टि से किसानों तथा बागवानी तथा फसलों को हुए नुकसान का प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने भीमताल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग प्राथमिकता से रखी साथ ही एचएमटी की खाली पड़ी भूमि का जनहित में सदुपयोग की मांग की। डा. बिष्ट ने कहा कि एचएमटी फैक्ट्री की 45 एकड़ भूमि का उपयोग मल्टी स्पेलिस्ट अस्पताल, सिनेमाघर तथा पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने की मांग की। कहा कि इससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार बढ़ने के साथ ही भीमताल पर्यटन के मानचित्र में विक. सित होगा। बाद में उन्होंने सीएम को ज्ञापन भी सौपा।



# छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन को दी पखवाड़े भर की मोहलत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण बीएससी प्रथम वर्ष के 51 से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। बता दें विश्वविद्यालय की ओर से बीते 25 मार्च को परीक्षाफल जारी किया गया था लेकिन इन छात्रों का रिजल्ट पोर्टल पर अब तक अपडेट नहीं हो सका है। रिजल्ट न आने के कारण ये छात्र न तो अगली कक्षा में प्रवेश ले पा रहे हैं और न ही परीक्षा फार्म भर पा रहे हैं। पीड़ित वंशिका और श्रद्धा ने कहा वे कई बार विश्वविद्यालय के चक्कर काट चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। छात्रों ने ऑनलाइन सिस्टम में भारी विसंगतियों का आरा. ेप लगाया है। उनके अनुसार समर्थ पोर्टल पर साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों की कोई जानकारी मौजूद नहीं है जबकि साइकोलॉजी जैसे विषय चयन के लिए दिखाए जा रहे हैं जो कालेज परिसर में संचालित ही नहीं होते। इसके अतिरिक्त कालेज स्तर से आंतरिक परीक्षा (इंटरनल) के अंक विश्वविद्यालय को न भेजे जाना भी एक बड़ी लापरवाही के रूप में सामने आया है। कुमाऊं विवि के छात्र महासंघ के अध्यक्ष आशीष कबाड़वाल व छात्रनेता देव चौहान और मनकरण सिंह ने कहा कि यदि पखवाड़े भर में इन तकनीकी और प्रशासनिक खामियों को दूर कर छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं किया गया तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। दूसरी ओर विवि के परीक्षा प्रभारी मुकेश सामंत ने आश्वासन दिया है कि तकनीकी समस्याओं को जल्द सुलझा लिया जाएगा।

# ज्योतिबाफुले को श्रद्धांजलि अर्पित की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी जिला कार्यालय में समाज सुधारक, दलित चिंतक एवं महान दर्शनिक ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने ज्योतिबा फुले के संघर्षो पर रौशनी डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 मे हुआ था और उनका परिनिर्वाण 28 नवंबर 1890 में हुआ था। वह महाराष्ट्र के एक महान भारतीय समाज सुधारक, विचारक और लेखक थे, जिन्हें भारतीय सामाजिक क्रांति का जनक माना जाता है। आसपा के प्रदेश महासचिव जीवन चंद्र आर्य ने कहा कि ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाइ फुले ने उस्मान शेख और फातिमा शेख ने मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आसपा जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र बेरी ने कहा कि फुले परिवार ने निम्न जातियों और महिलाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया। आसपा के जिला मीडिया प्रभारी सुलेमान मलिक ने कहा कि उस समय महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। फुले परिवार ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए समाज के बहुत जुल्म सहे लेकिन अपनी हिम्मत नहीं हारी, सभा का संचालन करते हुए जीतराम ने कहा कि फातिमा शेख का योगदान को हम कभी नहीं भुला सकते कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, सुरेश चंद्र बेरी, जीतराम, रितिक कांत, नादिर सैफी, सुलेमान मलिक, अनवर अंसारी, खेम चंद्र आर्य, आकाश भारती थे।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व बताया

**हल्द्वानी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम 'टूगेदर फॉर हेल्थ: स्टैंड विद साइंस' था। विभाग ने स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, जनजागरूकता अभियान और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविरों में 100 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रमुख डा. साधना अवस्थी ने बताया कि इन आयोजनों में डा. जीएस तितियाल, डा. साधना अवस्थी, डा. ठक्कर हेमाबेन, डा. आशुतोष और अन्य विभागीय टीम का योगदान सराहनीय रहा।



# अधर्म पर धर्म की जीत अवश्य होती है: आचार्य कृष्णानंद शास्त्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित शिवकाली धाम मन्दिर में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के चतुर्थ दिन ब्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने महिषासुर वध हेतु देवी भगवती के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। ब्यास जी ने कहा कि श्रद्धाभाव से देवी भगवती की आराधना से दानवी प्रवृति का नाश होता है। ब्यास जी ने कथा सुनाते हुए कहा कि महिषासुर नामक असुर द्वारा तीनों लोकों पर अपना अधिकार कर लिए जाने के बाद सभी देवताओं ने मिलकर महिषासुर को मारने के लिए एक योजना बनाई। ब्रह्मा, विष्णु और शिव के तेज से देवी भगवती का जन्म हुआ और उन्हें महिषासुर वध के लिए विशेष शक्तियां दी गई थीं। अन्तत: युद्ध में देवी भगवती ने महिषासुर का वध कर दिया। ब्यास जी ने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत अवश्य होती है। इस बीच सैकड़ों श्रोताओं से भरे पंडाल में देवी की महिमा का गुणगान करते हुए गाए गए भजनों की संगीतमय धुन में दर्जनों भक्त भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार की सुबह आचार्य हरि ओम जोशी, दीप चन्द्र जोशी एवं धीरज पाण्डे ने मन्त्रोचारण के साथ मंडप प्रवेश, गणेश पूजन एवं नित्य पूजन कराया। मुख्य यजमान सुरेन्द्र सिंह बिष्ट सह यजमान गौरव बिष्ट थे। कथा में ब्यास जी के साथ संगीत मण्डली में मोहित, दीपक, नीरज एवं रमेश थे। इस अवसर पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, सचिव दीपक बिष्ट, कोषाध्यक्ष केसी त्रिपाठी, देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आदि मौजूद रहे।



### वीकेंड पर नैनीताल में सैलानियों की भीड़

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में माह के द्वितीय सप्ताहांत (वीकेंड) अवकाश के कारण सैलानियों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के अधिकांश होटल और होम स्टे पैक हो गए। सैलानियों के साथ ही उनके वाहनों के बड़ी संख्या में पहुंचने से यातायात प्रभावित रहा। नगर में शनिवार को 6 हजार से अधिक सैलानियों के पहुं. चने का अनुमान है जबकि लगभग डेढ़ हजार से अधिक वाहनों ने प्रवेश किया है। इस बीच सैलानियों की भीड़ से नगर के सभी प्रमुख दर्शनीय स्थलों में भीड़ रही। मालरोड भी पूरी तरह पर्यटकों से भरी रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। इस बीच नगर में यातायात व्यवस्था चरमराई रही।

# भुवन त्रिपाठी को राष्ट्रीय प्रिंसिपल अवॉर्ड

**नैनीताल।** शिक्षा नगरी नैनीताल के लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र त्रिपाठी को वर्ष 2026 के डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, प्रेरणादायी नेतृत्व, शिक्षा में उत्कृष्टता और बच्चों का समग्र विकास को लेकर दिया गया है। एजुकेशन एक्सलेंस कॉन्क्लेव संस्था की ओर से शनिवार को देहरादून में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र त्रिपाठी पिछले करीब दो दशक से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से सेवारत हैं और यह उनका तीसरा व्यक्तिगत अवार्ड है। इससे पूर्व वह एपीजीए द्वारा टॉप 50 प्रधानाचार्य का अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं, जबकि उत्तराखंड एजुकेशन अवार्ड भी उन्हें मिल चुका है। इसमें दोराय नहीं कि वह विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर दी जाने वाली शिक्षा और वैज्ञानिक कार्यक्रमों को विद्यालय में संचालन करते आ रहे है।



# श्रेयस पंजाब किंग्स की तीसरी जीत के रहे हीरो

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 69), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सात गेंदें शेष रहते सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पंजाब किंग्स के लिए तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। प्रभसिमरन सिंह ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये। कूपर कॉनली 11 रन बनाकर शिवांग कुमार का तीसरा शिकार बने। 17वें ओवर में हर्ष दुबे ने नेहाल वढेरा को बोल्ड कर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब लकग्स को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने



कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 69 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने 18-5 ओवरों में चार विकेट पर 223 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर ने 33 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 69 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। आज यहां इससे पहले अभिषेक शर्मा (78), हेनरिक क्लासेन (39) और ट्रेविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में शशांक सिंह ने पहले ट्रेविस हेड और उसके बाद इसी ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट कर पंजाब लकग्स को दोहरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 23 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रन बनाये।

अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की बारिश करते हुए 74 रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने 17 गेंदों में 27 रन बनाये। उन्हें 14वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अनिकेत शर्मा नौ गेंद में (18) और सलील अरोघ (नौ) रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन ने 33 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया लेकिन फिर इसका बचाव नहीं कर पाए। पंजाब लकग्स के लिए शशांक सिंह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**गुवाहाटी, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं।

इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर हैं और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं,

जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली। इस मामले में दिल्ली



कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं। पर्पल कैप तालिका में भी आरआर शीर्ष पर है, जहां रवि बिश्नोई ने दो विकेट और जोड़कर कुल नौ विकेट कर लिए हैं। पी कृष्णा के पीछे पांच विकेट के साथ नौ गें. दबाजो का एक समूह है। इसमें पंजाब किंगस के विजयकुमार वैशाख, कृष्णा के टीम साथी राशिद खान, दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, आरसीबी के जैकब डफी, केकेआर के वैभव अरोड़ा, चेन्नई सुपर किंगस के अंशुल कंबोज और आरआर के दो अन्य गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर शामिल हैं।

## खेल विशेष

### विटिडसर्न को हराकर आयुष बैडमिंटन एशिया के फाइनल में

**निगबो (चीन), वार्ता।** भारतीय स्टार बैडमिटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर बैडमिटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली हैं। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में, 20 वर्षीय भारतीय ने पहला गेम हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आयुष ने 59 साल बाद भारत के लिए इतिहास रचा और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। आयुष शेट्टी अब खिताबी मुक. ाबले में चाऊ तिएन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

### खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के पांचवें दिन जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज में आयोजित की जा रही है। गार्गी कॉलेज और स्टनर्स अकादमी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुक. ाबले में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से पराजित किया। खालसा एलुमनी के मुकेश को शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।महिला वर्ग में गार्गी कॉलेज ने मैत्रेई कॉलेज को 59-29 से हराया। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70-29 से हराया।

### मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त, भाटिया मास्टर्स से बाहर

**अगस्ता, वार्ता।** 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए। मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए। राउंड के ज्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की। उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया। इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलादेश की 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने न्यूजीलैंड खिलाफि 17 अप्रैल से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए हबीबुल बशर की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। यह वही टीम है जिसने पिछले महीने अपने घर पर पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। ए मैच 17 और 20 अप्रैल को ढाका में होंगे।

तीसरा वनडे 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। जैसा कि पहले बताया गया था, मेहदी हसन मिराज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम के चयन को लेकर हबीबुल बशर ने कहा कि चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहती है, और कोई भी फैसला लेने से पहले वे खास तौर पर सैफ को थोड़ा और मौका देना चाहते हैं। बशर ने कहा कि बंगलादेश ने पिछली सीरीज में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला था। टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी थे जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला। हमने एक नीति बनाई है कि हम किसी भी खिलाड़ी को टीम में खेलने के लिए पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। हम किसी भी खिलाड़ी को बिना पूरे मौके दिए टीम से बाहर नहीं करना चाहते। हम निरंत. रता में विश्वास रखते हैं, और इसी वजह से हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। चयनकर्ताओं ने नाहिद राणा, तस्कीन अहमद, मुस्तफजिुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम के उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी बरकरार रखा है।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी LSG

**लखनऊ, वार्ता।** आखिरी ओवर के तनाव से लेकर उभरते सितारों तक, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) रविवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ एक बड़े दांव वाले दिन के मैच में, पिछले मैच के रोमांचक अंत की लहर पर सवार होकर उतरेगी। सभी की नजरें युवा मुकुल चौधरी पर टिकी हैं

, जिन्होंने दबाव में 27 गेंदों पर निडर होकर नाबाद 54 रन बनाकर पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। आखिरी दो ओवरों में जब 30 रनों की जरूरत थी, तब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने जबरदस्त संयम और



साफ-सुथरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए इस सीजन के सबसे रोमांचक फिनिश में से एक को अंजाम दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आयुष बडोनी के 34 गेंदों पर बनाए गए स्थिर 54 रनों ने और मजबूत किया, जिसने लखनऊ को तब भी मैच में बनाए रखा जब जीत हाथ से फिसलती हुई लग रही थी। इस जीत ने ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में एक नया आत्मविश्वास भर दिया है, जो अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में है। लखनऊ को गुजरात पर अपनी हालिया बढ़त से भी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने दोनों टीमों के बीच हुए पिछले तीन मुकाबले जीते हैं। उनकी पिछली भिड़ंत में एक जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें एक तूफानी शतक भी शामिल था जिसने उन्हें आसानी से जीत दिलाई थी,

जबकि निकोलस पूरन ने गुजरात के खिलाफ लगातार अहम पारियां खेलकर टीम में योगदान दिया है। हालांकि, गुजरात भी अपनी एक अलग कहानी के साथ मैदान में उतर रही है - एक ऐसी कहानी जिसमें वापसी और नई लय शामिल है। शुभमन गिल की अगुवाई में, जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक ठोस जीत के साथ सीजन की मुश्किल शुरुआत को पीछे छोड़ दिया है, इसका श्रेय काफी हद तक उनके टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों को जाता है जिन्होंने आखिरकार एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। गिल के शानदार 70 रनों ने मैच की लय तय की, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा। टॉप-ऑर्डर में जोस बटलर के शामिल होने से टीम की बल्लेबाजी में और भी धार आ गई है, जो उनके तेज अर्धशतक से साफ जाहिर होता हैद्ध वहीं वाशिगटन सुंदर के पहले आईपीएल अर्धशतक ने टीम के मध्यक्रम को और भी मजबूत बनाया है। ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान जैसे पावर-हिटर बल्लेबाजों के साथ-साथ राहुल तेवतिया की मैच खत्म करने की काबिलियत को देखते हुए, गुजरात की बल्लेबाजी यूनिट सही समय पर अपना संतुलन हासिल करती हुई नजर आ रही है।

# मुंबई अपनी खोई हुई साख की तलाश में

### पक्के इरादे के साथ उतरेगी आरसीबी

**मुंबई, वार्ता।** एक ऐसे दिग्गज के बारे में कुछ उदास करने वाली बात है जिसने अपना दबदबा खो दिया हो। मुंबई इंडियंस, जो कभी वानखेड़े की बेताज बादशाह थी, अब किराएदारों की तरह अपने घर लौट रही है, इस उम्मीद में कि किराया बकाया न हो। पिच के दूसरी तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खड़ी है, जिसमें एक ऐसी टीम का सहज आत्मविश्वास है जिसे लगता है कि दुनिया कुछ समय के लिए उसकी मुठी में है।

मुंबई की मुश्किल सीधी-सादी है और इसलिए, बेरहम भी। तीन मैचों में सिर्फ एक जीत। लगातार दो हार। पॉइंट्स टेबल पर आठवें स्थान पर। आंकड़े झूठ नहीं बोलते, हालांकि वे शायद ही कभी पूरी कहानी बताते हैं। रोहित शर्मा ने 118 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट घबराहट के बजाय जल्दबाजी



दिखाता है, उन्होंने अपना काम बखूबी किया है - वे एक ऐसे सेनापति की तरह हैं जो अभी भी सीना ताने खड़ा है, जबकि उसके पीछे सैनिक हिचकिचाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रयान रिकेल्टन ने भी तेजी से कुछ योगदान दिया है, लेकिन क्रिकेट, जदिगी की तरह ही, टुकड़ों में किए गए प्रयासों का इनाम नहीं देता, वह पूरे और ठोस प्रदर्शन की मांग करता है। मिडिल ऑर्डर - वह भरोसे के लायक न रहने वाला रिश्तेदार जो वादे तो बड़े-बड़े करता है, लेकिन निभाता बहुत कम है - उसने भी निराश ही किया है। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या - इन सभी ने दरवाजे पर दस्तक तो दी है, लेकिन कमरे के अंदर पूरी तरह से दाखिल नहीं हो पाए हैं। सूर्यकुमार, जिनका इस मैदान पर औसत 43 का है, अपनी पुरानी यादों को अपना साथी बनाकर चल रहे हैं, लेकिन यादें रन नहीं बनातीं - रन तो बल्लेबाज ही बनाते हैं। पिछले मैच में, नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने इतनी छोटी और शानदार पारियां खेलीं कि वे किसी कविता जैसी लगीं - सुनने में तो बहुत अच्छी, लेकिन जीत के लिए नाकाफी। गेंदबाजों की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। शार्दुल ठाकुर ने विकेट तो लिए हैं, हां, लेकिन उनकी कीमत इतनी ज्यादा रही है कि कोई भी हिंसाब-किताब रखने वाला द्धअकाउंटेंटंत्र भी उसे देखकर अपना सिर पकड़ ले। जसप्रीत बुमराह ने बहुत ही किफायती गें. दबाजी की है - उनका संयम किसी साधु जैसा रहा है - फिर भी अजीब बात है कि उन्हें विकेटों का कोई इनाम नहीं मिला।

अल्लाह गजनफर ने तो उम्मीद जगाई, वहीं ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन कभी तो बहुत खतरनाक रहा, तो कभी बहुत ही उदार (यानी रन लुटाने वाला) इसके ठीक उलट, बेंगलुरु की टीम किसी सधे हुए ऑर्केस्ट्रा की तरह मैदान में उतरती है। विराट कोहली ने अब तक 129 रन बनाए हैं और वानखेड़े के प्रति उनका लगाव तो किसी प्रेम-कहानी जैसा ही है, वे उसी आत्मविश्वास के साथ रन बटोरते जा रहे हैं, जैसा कि किसी ऐसे इंसान में होता है जिसने जदिगी के हर रंग देखे हों और कुछ भी भूला न हो। देवदत्त पडिक्कल एक युवा राजकुमार के अंदाज में दिखे हैं - बेफक्रि, शानदार और बिना किसी शक के बोझ के - उनके 125 रन इतनी तेजी से बने कि गेंदबाज हांफते रह गए। कप्तान रजत पाटीदार, पारी के रचयिता और निर्माता दोनों रहे हैं, उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी को गढ़ा है। उनके हाल के 63 रन इस बात की याद दिलाते हैं कि क्रिकेट में कप्तानी का सबसे अच्छा प्रदर्शन बल्ले से ही होता है। फिलिप सॉल्ट एक भरोसेमंद साथी रहे हैं, जबकि टिम डेविड ने गेंदबाजों के साथ वैसा ही बर्ताव किया है जैसा लोग अक्सर टेलीमार्केटर्स के साथ करते हैं - इस सीजन में नौ छक्के लगाए हैं।

# नेमार अभी भी ब्राजील वर्ल्ड कप टीम के फ्रेम में

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेशनल टीम के असिस्टेंट कोच डेविड एंसेलोटी के मुताबिक, नेमार अपनी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। नेमार, ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं,

दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद इस साल सैंटोस के लिए सिर्फ छह मैच खेले हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के बाद से वह ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, इस चोट की वजह से वह एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहे। लेकिन ब्राजील के हेड कोच कार्लो के बेटे डेविड ने कहा कि 34 साल के नेमार के पास 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पूरी तरह से फिट होने का समय है। डेविड ने कहा, ष्बेशक, वह नेशनल टीम का टॉप स्कोरर है और उसके पास मौका है। उसके पास अपना बेस्ट करने और लिस्ट में आने की कोशिश करने का समय है। डेविड ने कहा कि ब्राजील की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा शायद 18 मई को की जाएगी, जो फीफा की ऑफिशियल डेडलाइन से लगभग दो हफ्ते पहले है। इससे नेमार को ब्राजील के कोचिंग स्टाफ को यह समझाने के लिए 11 क्लब गेम मिलेंगे कि वह यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार है। डेविड ने कहा, ष्आखिर में, यह मैनेजर का फैसला है और उसके पास इसे लेने का समय है। ब्राजील अपना वर्ल्ड कप कैंपेन 13 जून को मोरक्को के खिलाफ शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को ग्रुप सी में स्कॉटलैंड का सामना करेगा।

# अल्काराज व सिनर सेमीफाइनल में

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाघी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफी सहज दिखे। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के खिलाफ अपनी परीक्षा पास कर ली, बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे। फुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि



कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात दी। नंबर 1 खिलाड़ी ने इसके बाद कोर्ट रेनियर प्प्प पर दूसरे सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी 300वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। अल्काराज अब मोंटे-कार्लो में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाने से बस दो जीत दूर हैं, पिछले साल चैंपियनशिप मैच में लोरेंजो मुसेटी को हराकर उन्होंने पहली बार क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की थी। 22 वर्षीय अल्काराज का अगला मुक. ाबला शनिवार को सेमी-फाइनल में मोनेगास्क स्टार वैलेंटीन वैचेरोट से होगा। वैचेरोट ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में अपना ऐतिहासिक सफर जारी रखा, कोर्ट रेनियर प्प्प पर शोर मचाती भीड़ के समर्थन से, वैचेरोट ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया और अपनी चौथी शीर्ष 10 जीत हासिल की। इस बीच नंबर दो जानिक सिनर ने फेलिक्स ऑगर-एलियासिम को आसानी से हराकर अपने 2026 सीजन में एक और एटीपी मास्टर्स 1000 का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एटीपी रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अंतिम चार में मुकाबले की तैयारी कर ली है। इस इटैलियन खिलाड़ी ने मोनाको में चौथे दौर में टॉमस माचाक के खिलाफ एक सेट हारने से पहले, मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में लगातार सेट जीतने का अपना रिकॉर्ड 37 तक पहुंचा दिया थाद्ध अब उन्होंने इस स्तर पर लगातार 20 मैच जीत लिए हैं।

# भारत के आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर 1 को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**चीन, वार्ता।** बीस साल के आयुष शेट्टी ने बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप में अपनी जबरदस्त जीत का सिलसिला जारी रखा। इस नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी ने शनिवार को इस इवेंट में थाईलैंड के डिफेंडिग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर मेन्स सिगल्स फाइनल में जगह बनाई। शेट्टी 1965 के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मेन्स सिगल्स खिलाड़ी बने।

हालांकि पहला गेम 2023 वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के पक्ष में नहीं था, लेकिन शेट्टी ने अपनी शुरुआती हार से उबरते हुए अगले दो गेम आराम से जीते और ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विटिडसार्न को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में आयुष ने 12-4 की बढ़त ले ली और हालांकि विटिडसार्न ने



13-11 से अंतर कम कर लिया, लेकिन भारतीय हमेशा आराम से दिखे।

तीसरे गेम में भी उसी कॉन्फिडेंस के साथ उतरते हुए आयुष ने 1 घंटे 15 मिनट में एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली फाइनल जगह पक्की कर ली। अब उनका सामना चाउ टिएन चेन (विश्व रैंकिंग 6) और शि यू की (विश्व रैंकिंग 2) के बीच होने वाले मैच के विनर से होगा। अगर आयुष फाइनल मैच में स्वर्ण पदक जीतने में सफल होते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था।

## मंगलौर पुलिस ने लाखों के खोए हुए मोबाइल मालिकों को वापस लौटाए

# एसपी देहात ने मोबाइल सौंपे, तो खिल उठे चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और टेक्नोलॉजी के बेहतर इस्तेमाल का शानदार उदाहरण पेश किया है। पिछले तीन महीनों के भीतर पुलिस ने ब्म्प्ट यानी सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से 155 खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इतना ही नहीं, इनमें से करीब 25 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है, आज उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए गए। मंगलौर कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि ब्म्प्ट पोर्टल मोबाइल के प्डम्प् नंबर के आधार पर काम करता है, जिससे चोरी या गुम हुए मोबाइल को ब्लॉक करने के साथ-साथ ट्रैक भी



किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई व्यक्ति उस मोबाइल में नया सिम इस्तेमाल करता है, उसकी लोकेशन और डिटेल्स सिस्टम में आ जाती हैं, जिससे पुलिस को उसे ढूंढने में मदद मिलती है। आज जब मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गए, तो कई चेहरे खुशी से खिल उठे। कुछ लोग ऐसे भी थे जिनका महज 8 हजार रुपये का मोबाइल करीब 9 महीने बाद वापस मिला। अपने फोन को हाथ में पाकर वह भावुक हो गए और उत्तराखंड पुलिस का बार-बार धन्यवाद करते नजर आए। एसपी देहात ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का भी मोबाइल या लैपटॉप चोरी या गुम हो जाए, तो तुरंत ब्म्प्ट पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर उसे बरामद किया जा सके।

# 76 किलो गोमांस के साथ एक गिरफ्तार, तीन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शनिवार को कोतवाली रुड़की पुलिस और गौ स्क्वाड टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम जौरासी में चल रही अवैध गौकशी का खुलासा किया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने मुजाहिर के घर पर दबिश दी, जहां से एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार होने में सफल रहे, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अब्दुल वहाब पुत्र निसार, निवासी इस्लामनगर, कोतवाली मंगलौर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने 76.03 किलोग्राम गौवंशीय मांस तथा पशु कटान में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। इस संबंध में कोतवाली रुड़की में मु0अ0सं0 121/2026 के तहत धारा 3/5/11 गोवंश संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं फरार आरोपियों में रिजवाना पत्नी अरमान निवासी बिजौली हाल इस्लामनगर, अरमान निवासी बिजौली मंगलौर और मुजाहिर निवासी जौरासी कोटली रुड़की शामिल हैं। पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई को सफल बनाने में उपनिरीक्षक शरद सिंह (उत्तराखंड स्क्वाड हरिद्वार), कांस्टेबल पवन कुमार, प्रवीण कुमार, ब्रिज किशोर, राजेंद्र, महिला कांस्टेबल लखमीरी (उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वाड गढ़वाल परिक्षेत्र), कांस्टेबल गोविंद तोमर और विकास त्यागी (कोतवाली रुड़की) की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने तत्परता और सूझबूझ के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया।

# मंगलौर पुलिस ने पकड़े 5-5 हजार के दो इनामी बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात में फरार चल रहे 5-5 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई धनराशि के साथ चोरी किया गया तांबे का तार भी बरामद किया है।

कोतवाली प्रभारी भगवान मेहर ने बताया कि चार अप्रैल को मंगलौर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर तीन बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर एक आरोपी को लूटी गई संपत्ति सहित गिरफ्तार कर लिया था, जबकि वारदात में शामिल अन्य दो आरोपी फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा दोनों फरार आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के आदेश और क्षेत्राधिकारी मंगलौर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने रोहित उर्फ डोला पुत्र टिकेराम और माटू पुत्र विजेंद्र, निवासी ग्राम नजरपुरा मंगलौर, को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने पूर्व में ट्यूबवेल से भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटी गई नकदी के साथ चोरी किया गया तांबे का तार भी बरामद किया है। नियमानुसार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# होनहार खिलाड़ियों के लिए सरकार उठाए ठोस कदम : शहजाद

## विधायक शहजाद ने नेशनल चैम्पियन राजा पहलवान का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खेल या कोई भी हूनर हमेशा बुलंदी की ओर ले जाता है। हॉल ही में मेरठ में आयोजित मिक्स मार्शल आर्ट नेशनल चैम्पियनशिप में रुडकी के राजा पहलवान ने गोल्ड मैडल लाकर इतिहास रचा। जगह-जगह राजा पहलवान का हर कोई स्वागत कर रहा है। जिसमें सामाजिक व असामाजिक के साथ राज्य सरकार के दो-दो मंत्रियों द्वारा राजा पहलवान का स्वागत सम्मान तो किया, लेकिन मदद को लेकर आगे नही आये। जबकि शिक्षानगरी रुडकी से अब एक कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा भी हैं, वे चाहे तो राजा पहलवान की राज्य सरकार से मदद करा सकते थे। हरिद्वार विधायक कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक जब रुडकी स्वागत सम्मान कराने आये तो उन्होने राजा पहलवान का फुलमाला व शाबासी देकर स्वागत किया था, तो वही लक्सर विधायक हाजी मौ. शहजाद ने नहर किनारा स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर राजा पहलवान का स्वागत करने के साथ राज्य सरकार से मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक हाजी मौ. शहजाद ने कहा कि मेरी विधानसभा लक्सर से भी



बच्चे कुछ माह पहले राज्य के लिए गोल्ड मैडल लायें है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार को ऐसे होनहार राजा जैसे चौम्पियन खिलाडियों के लिए आगे आकर मदद करनी चाहिए, जिससे वह और अच्छा खेलों में प्रदर्शन करें और राज्य सरकार का नाम रोशन करें। राज्य सरकार के पास बजट की कोई कमी नही है और वह गरीब खिलाडियों की मदद हो जाये, जिससे की यह बच्चे आनेवाले समय में राज्य के साथ इण्डिया के लिए खेलें और विदेशो मे जाकर भारत का नाम रोशन करें। तत्काल प्रभाव से विधायक शहजाद ने अपने पीए को कहकर राज्य सरकार के नाम राजा पहलवान की मदद के लिए पत्र लिखा और आश्वासन दिया कि जितना उनसे संभव होगा व उससे ज्यादा खिलाडियों के लिए करेंगे।

# तीन दिवसीय प्रथम चरण (2027) जनगणना प्रगणक एवं जनगणना सुपरवाइजर प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** तीन दिवसीय प्रथम चरण (2027) जनगणना प्रगणक एवं जनगणना सुपरवाइजर प्रशिक्षण राजा महेंद्र प्रताप महाविद्यालय गुरुकुल नारसन में संपन्न हुई। यह प्रशिक्षण 6 चरणों में पूरा होगा।

प्रथम चरण का प्रशिक्षण 9 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 11 अप्रैल 2026 तक चला। प्रशिक्षण के दौरान मकान की सूचीकरण एवं मकान की गणना के बारे में गहन जानकारी दी गई। चार्ज जनगणना अधिकारी नारसन नायब तहसीलदार ( युसूफ अली) ने प्रशिक्षण के अंतिम दिन जनगणना की बारीकियां के बारे में अपने अनुभव साझा किए। साथी साथ उन्होंने बताया यह प्रशिक्षण के 6चरणों में पूरा होगा। मास्टर ट्रेनर नंदराम नौटियाल एवं सौरभ कुमार संदीप भारद्वाज सुनील पाल ललित कुमार, अरविंद कुमार, अरविंद सैनी, गौतम जायसवाल एवं नीरज ममगई ने प्रशिक्षार्थियों को गहन जानकारी दी उन्होंने बताया की जनगणना के दौरान भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनगणना 2027 में मकान की सूचीकरण करते समय जनगणना प्रगणक को भारत सरकार द्वारा निर्धारित 33 प्रश्नों को सभी व्यक्तियों से पूछने एवं डिजिटल माध्यम से अधिग्रहण हेतु प्राधिकृत किया गया है। प्रशिक्षण की अंतिम दिन चार्ज जनगणना अधिकारी नारसन नायब तहसीलदार (युसूफ अली) ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान की सूचीकरण एवं मकान की गणना पर ध्यान रहेगा। यह जनगणना कार्यक्रम 24 अप्रैल 2026



से प्रारंभ होकर 25 मई 2026 कब चलेगी। अंत में चार्ज जनगणना अधिकारी नारसन, नायब तहसीलदार (युसूफ अली) ने सहयोगियों एवं प्रशिक्षणर्थियों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न कराने में सहयोग के रूप में संदीप, शिवम चौहान, नईम, राजा महेंद्र प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार एवं विद्यालय स्टाफ का हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

# कलियर में घूम रहे दो नाबालिग बच्चे सकुशल परिजनों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र में बिना बताए घर से निकले दो नाबालिग बच्चों को कलियर पुलिस और चाइल्ड लाइन यूनिट ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल उनके परिजनों से मिलवा दिया।

कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि किदवई नगर बनफुलपुरा हल्द्वानी निवासी दो बच्चे अपने माता-पिता को बिना बताए ट्रेन से रुड़की और फिर पिरान कलियर पहुंच गए थे। दरगाह क्षेत्र में दोनों बच्चों के घूमने की सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन यूनिट और पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को अपने संरक्षण में लिया।पूछताछ के दौरान बच्चों ने अपना नाम हसनैन निवासी किदवई नगर हल्द्वानी उत्तराखंड और अयान निवासी प्रेमनगर लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश बताया है उन्होंने बताया कि वे दोनो हल्द्वानी से बिना परिजनों को जानकारी दिए घर से निकलकर कलियर आ गए थे। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें सूचना दी।बाद में दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस एवं चाइल्ड लाइन टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।टीम में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, हेड कॉन्स्टेबल जयप्रकाश, रविन्द्र बालियान, जमशेद अली शामिल रहे।

# अम्बेडकर जयंती को लेकर सीओ ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** अम्बेडकर जयंती को लेकर सीओ मंगलौर ने लंढौरा व आसपास के मौजिज लोगों के साथ बैठक की। इस दौरन सुख शांति के साथ जयंती के आयोजन करने की अपील की गई। लंढौरा, भगवानपुर चंदनपुर, खेमपुर थिथौला समेत कई गांव में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती और शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी को मध्यनजर रखते हुए सीओ अभिनव चौधरी ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ लंढौरा पुलिस पर बैठक की। सीओ ने कहा कि सुख शांति के साथ पहले की तरह जयंती का आयोजन किया जाएगा। सीओ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आपसी भाईचारे को ठेंस पहुंचाने का प्रयास करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीओ ने ग्रामीणों से कहा कि शांति में बाधा उतपन्न करता अगर कोई नजर आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस दे दे। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा का आयोजन पहले से ही निर्धारित मार्गो से किया जाए। पुलिस अधिकारियों को कहा गया कि संवेदनशील इलाकों में पैनी नजर रखी जाए। इस दौरान प्रशिशु सीओ द्विवेंश उपाध्याय कोतवाल भगवान सिंह मेहर, चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल, रवि मोर्य, आदेश कुमार, पहल सिंह, सुरेश, प्रदीप, सतीश, विनोद, नरेंद्र, बिजेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## लक्सर : विधायक शहजाद ने फूंका चुनावी बिगुल

# शिवालिक नगर में मनेगी अंबेडकर की जयंती

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाई जाएगी। लक्सर स्थित बहुजन समाज पार्टी बसपा कार्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में विधायक मोहम्मद शहजाद ने कार्यकर्ताओं को 14 अप्रैल के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिएजयंती समारोह शिवालिक नगर हरिद्वार में जुटेगा जनसैलाबविधायक मोहम्मद शहजाद ने घोषणा की कि आगामी 14 अप्रैल को हरिद्वार केशिवालिक नगर स्थित जिला कार्यालय पर बाबा साहेब की 135वीं जयंती एक



विशाल समारोह के रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने वाहनों के साथ शिवालिक नगर पहुँचें और इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बनें

संविधान की शक्ति को पहचानें युवा पीढ़ीबैठक को संबोधित करते हुए विधायक शहजाद ने शिक्षा और जागरूकता पर विशेष जोर दिया उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी और बच्चों को बाबा साहेब द्वारा लिखित संविधान का गहन अध्ययन करना चाहिए यह केवल एकपुस्तक नहीं बल्कि वर्षों के संघर्ष और अटूट मेहनत का परिणाम है जब तक हमारे बच्चे संविधान को नहीं पढ़ेंगे वे अपने अधिकारों और बाबा साहेब के त्याग को नहीं समझ पाएंगे।बैठक में उपस्थित मुख्य गणमान्यइस अवसर पर बसपा की मजबूती का प्रदर्शन करते हुए बड़ी संख्या में पदाधिकारी औरकार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में शामिल थे डॉ नाथीराम वरिष्ठ बसपा नेता नसीम अहमद, प्रधान शरीफ अहमद अंसारीमुस्लिम अहमद, साजिद हसन, फिरोज रियासत अली, पदम सिंह एडवोकेटविक्रम सिंह, जसवीर सिंह, मोनू अंसारी, सलीम अहमद, हारकर अहमद, पाल सिंह अफजाल अहमद चंद्रपाल सिंह विकास कुमार इकबाल अहमद प्रधान वसीम अहमद प्रधान पोपिंदर प्रधान डॉ रंजीत प्रधान बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने जय भीम के नारों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। आयोजन को लेकर लक्सर से लेकर हरिद्वार तक बसपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# कलियर क्षेत्र से किशोरी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। यूपी के लखनऊ बक्सी का तालाब निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पिछले करीब डेढ़ वर्ष से अपने तीन बच्चों के साथ मुकर्रबपुर, पिरान कलियर में किराये के मकान में रह रही है और मजदूरी व भीख मांगकर जीवन यापन कर रही है।कुछ समय पहले दरगाह क्षेत्र में उसकी पहचान एक महिला से हुई थी जो खुद को उन्नाव की रहने वाली बताती थी। 9 अप्रैल की सुबह उक्त महिला उसकी 14 वर्षीय बेटी को बाजार से सामान दिलाने के बहाने अपने साथ ले गई जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।शाम तक किशोरी के न लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया। किशोरी ने बताया कि वह उस महिला के साथ रुड़की में है और जल्द लौट आएगी। लेकिन देर रात तक दोनों के वापस न आने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। जब उसने महिला से संपर्क किया गया तो उसने फोन पर बताया कि किशोरी उसके साथ है और वह कलियर वापस नही आना चाहती बल्कि लखनऊ जाना चाहती है। इसके बाद दोनों के मोबाइल फोन बंद हो गए। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए किशोरी की बरामदगी की मांग की है।

# शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले 29 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने क्षेत्र में सघन अभियान चलाते हुए सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और ढाबों पर खुलेआम शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 29 व्यक्तियों को पुलिस अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने साफ संदेश दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुनव्वर हुसैन, उप निरीक्षक राजीव उनियाल, अपर उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह, हेड कांस्टेबल ज्ञानचंद, हेड कांस्टेबल संदीप यादव, अरविंद भाटी, कांस्टेबल सुरेंद्र और कांस्टेबल प्रभाकर सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से अभियान में जुटी रही और सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाया।

# डीएम ने जनगणना के लिए शुरू की स्व-गणना

## शिवालिक नगर नपा चेयरमैन राजीव शर्मा व ईओ तारिक खान ने भी की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जन 2027 का बिगुल बजने के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के साथ मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ व शिवालिक नगर पालिका के चेयरमैन राजीव शर्मा ने भी स्व-गणना की शुरूआत कर दी है।





स्व-गणना करते डीएम मयूर दीक्षित व शिवालिक नगर नपा चेयरमैन राजीव शर्मा आदि।

जनगणना 2027 की शुरूआत सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी स्व गणना करने के साथ शुरूआत की तो पूरे राज्य में जनगणना का बिगुल बज गया। पहले चरण में स्व गणना आनलाईन पोर्टल पर की जा रही है। बाद में गणनक घर-घर जाकर गणना करेंगे। स्व गणना करने की शुरूआत का मकसद गणना को आसान बनाना है। जनगणना की शुरूआत पर जहां जनपद हरिद्वार के जिलाधिकारी, सीडीओ, डीडीओ व तमाम अधिकारियों ने शुरूआत की तो शिवालिक नगर पालिका के चेयरमैन राजीव शर्मा व पालिका के अधिशासी अधिकारी तारिक खान ने भी अपनी स्व गणना कर के जनगणना की शुरूआत की। नपा चेयरमैन राजीव शर्मा ने कहा कि स्व गणना के जरिये गणना को आसान बनाया जा रहा है। जो हम सबके लिए एक बेहतर कदम है। अपील की कि लोग आनलाईन पोर्टल के जरिये गणना कर आसान बनाये।

## ससुरालियों की मारपीट व प्रताड़ना से परेशान होकर

# युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ससुराल पक्ष की प्रताड़ना और मारपीट से परेशान होकर एक युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर पत्नी, ससुर और साले सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सहारनपुर जनपद के देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी चन्द्रपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र रविकान्त की शादी करीब दो वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर के ग्राम रण्डावली निवासी रचना के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही रचना के मायके वाले उनके वैवाहिक जीवन में अत्यधिक हस्तक्षेप करते थे, जिससे पति-पत्नी के बीच अक्सर तनाव रहता था। बीती 31 मार्च को पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद रचना ने अपने परिजनों को बुला लिया और उसी रात रचना के पिता लालसिंह, भाई अंशुल और चाचा नरेश व धर्मपाल गाड़ी भरकर उनके घर पहुंचे। उन्होंने घर में घुसकर गाली-गलौज की और चन्द्रपाल, उनकी पत्नी व पुत्री के साथ मारपीट की। जाते समय वे घर से सोने-चांदी के जेवरात, 45 हजार रुपये नकद, बुलेट की चाबी और रविकान्त के डेढ़ वर्षीय पुत्र वरदान को भी साथ ले गए। पीड़ित पिता का कहना है कि पुलिस चौकी मकबरा देवबंद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसके बाद पत्नी रचना ने रविकान्त को फोन कर घर बुलाया। 6 अप्रैल को जब रविकान्त अपनी पत्नी और बच्चे को लेने ससुराल गया, तो वहां उसके साथ पुनः मारपीट की गई और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। ससुराल में हुई इस घटना से रविकान्त मानसिक रूप से टूट गया और उसने जहरीला पदार्थ गटक लिया। 8 अप्रैल को परिजनों को सूचना मिली कि रविकान्त का शव लखनौता चौराहा के पास नाले में पड़ा है। पिता चन्द्रपाल की तहरीर पर झबरेड़ा पुलिस ने आरोपित पत्नी रचना, ससुर लालसिंह, भाई अंशुल और चाचा नरेश व धर्मपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन

## अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा, सीजफायर के प्रयासों के बीच बढ़ी कूटनीतिक चिंता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। सीएनएन की रिपोर्ट में दावा है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने



हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन इन हथियारों की आपूर्ति को तीसरे देशों के जरिए भेज सकता है, ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, प्रश्न में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीजिंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। गौरतलब है कि ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ मिलिट्री और इकोनामिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।

## भारतीयों की नेकी व इंसानियत के हम कायल, शुक्रिया: ईरान

**तेहरान।** भारत में ईरानी दूतावास ने शुक्रवार को एलान किया कि उसने जंग के दौरान वित्तीय मदद के लिए बनाए गए सभी खाते बंद कर दिए। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के समर्थन और मदद के लिए शुक्रिया कहा। दूतावास ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों से मिले भारी समर्थन और उनकी मदद को देखते हुए अब ये खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही लोगों से दूतावास के नाम पर चल रहे किसी भी खातों में पैसा न भेजने की अपील की गई है। इससे पहले 22 मार्च को ईरानी दूतावास ने भारतीयों की नेक इरादों और इंसानियत के लिए उन्हें शुक्रिया कहा था।



पटना। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी सिलेंडरों के साथ लाइन में लगे लोग।

## रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी सऊदी अरब पहुंची

**रियाद।** सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत स्थित किंग अब्दुल अज़ीज़ वायुसेना बेस पर पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी पहुंच गई है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस तैनाती में पाकिस्तान वायुसेना के लड़ाकू और सहायक विमान शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक संयुक्त रक्षा समझौते का हिस्सा है। बताया गया कि इस तैनाती का उद्देश्य सैन्य समन्वय को मजबूत करना और दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं की संचालनात्मक तैयारियों को बढ़ाना है, जिससे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व स्थिरता को बल मिलेगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने यह रक्षा समझौता पिछले वर्ष सितंबर में रियाद में किया था।

# ईरान के साथ वार्ता विफल रही, तो फिर होगा हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** पूरी दुनिया की सांसें थमी हुई हैं, क्योंकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी वार्ताकारों का दल इस्लामाबाद में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ की अगुआई वाले 71 सदस्यीय ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार है। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द न्यूयॉर्क पोस्ट' को बताया कि यदि बातचीत विफल रहती है तो ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों को 'सर्वश्रेष्ठ गोला-बारूद' से लैस किया जा रहा है।

ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही। सात अप्रैल को हुए दो सप्ताह के संघर्ष विराम के बाद अंतिम शांति प्रक्रिया पर बातचीत करने के लिए वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी शामिल हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बातचीत सफल होगी? तो उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा कि हमें लगभग 24 घंटों में पता चल जाएगा। हमें जल्द ही जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि



■ ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही
■ हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं: ट्रम्प

हम नई शुरुआत कर रहे हैं। हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं। वे उन हथियारों से भी बेहतर हैं, जिनका इस्तेमाल हमने पहले उन्हें तबाह करने के लिए किया था। ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा कि हम जहाजों को अब तक के सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस कर रहे हैं, जो पहले के विनाशकारी हथियारों से भी कहीं उच्च स्तर के हैं। अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो हम उनका इस्तेमाल करेंगे और बहुत प्रभावी ढंग से करेंगे। इसके विपरीत ईरानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने युद्ध-पूर्व की वार्ताओं में अपना रुख कायम रखा है कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अटूट अधिकार है। इस बीच गालिबफ ने याद दिलाया कि समझौते की दो धाराओं को अभी लागू किया जाना बाकी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तय किए गए दो उपायों पर अभी अमल होना बाकी है। लेबनान में संघर्ष विराम और बातचीत शुरू होने से पहले ईरान की रुकी हुई संपत्ति को मुक्त करना। बातचीत शुरू होने से पहले इन दोनों मामलों को पूरा किया जाना चाहिए। ट्रंप ने 'द पोस्ट' से कहा कि आपका सामना ऐसे लोगों से है, जिनके बारे में हम नहीं जानते कि वे सच बोलते हैं या नहीं। हमारे सामने तो वे कहते हैं कि वे सभी परमाणु हथियारों को खत्म कर रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया है। और फिर वे प्रेस के पास जाकर कहते हैं, नहीं, हम संवर्धन करना चाहेंगे। इसलिए हमें जल्द ही पता चल जाएगा। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को संभालने के तरीके को लेकर भी ईरान की आलोचना की। उन्होंने स्थिति को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि ईरानियों के साथ बातचीत करने के लिए हमारी 'ए टीम' पाकिस्तान जा रही है। और यदि आवश्यक हुआ, तो हमारे पास बैकअप प्लान भी तैयार हैं। जैसा ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह होर्मुज में जहाजों पर 'ट्रांजिट शुल्क' लगायेगा और वह भी अपनी मुद्रा रियाल में। उम्मीद है कि इस वार्ता का मुख्य केंद्र अमेरिका की वे मांगें होंगी, जिनमें ईरान से लगभग 1000 पाउंड गहराई में दबा हुआ संवर्धित यूरेनियम सौंपने और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से फिर से खोलने के लिए कहा गया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने जर्मन समकक्ष जोहान वेडेफुल से कहा कि ईरान अमेरिका से इस बातचीत में 'पूर्ण अविश्वास' के साथ शामिल हो रहा है। अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान ईरानी लोगों के हितों और अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। उन्होंने अमेरिका के बार-बार वादों को तोड़े जाने और 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' का हवाला दिया।

## हत्या का वीडियो साझा कर ट्रम्प ने आव्रजन नीति को ठहराया सही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा में हुई एक महिला की हत्या का कथित वीडियो साझा करते हुए अपनी सरकार की निर्वासन नीति को सही ठहराया। यह हमला कथित रूप से हैती मूल के एक प्रवासी द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय रोलबर्ट जोएकिन को 2 अप्रैल को फ्लोरिडा के फोर्ट मायर्स में एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह शहर मियामी से लगभग 160 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हैती से है और 2022 में अमेरिका आया था। मृतका की पहचान 51 वर्षीय निलुफा इस्मिन के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश मूल की थीं और दो बेटियों की मां थीं। ट्रम्प ने गुरुवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर यह वीडियो साझा किया। ट्रम्प अक्सर दावा करते रहे हैं कि प्रवासी अमेरिका में अपराध बढ़ा रहे हैं, और इस घटना को उन्होंने अपने इसी दावे के समर्थन में पेश किया। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ट्रम्प सभी प्रवासियों को अपराधी के रूप में पेश कर अपनी आव्रजन नीति को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, जबकि कई अधययनों में पाया गया है कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में हिंसक या अन्य अपराधों में कम शामिल होते हैं। पुलिस के अनुसार, निलुफा ईसमिन गैस स्टेशन के एक सुविधा स्टोर में क्लर्क के रूप में काम कर रही थीं। घटना स्टोर के बाहर हुई और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया कि आरोपी एक वाहन पर हथौड़े से वार करता दिखता है। इसी दौरान पीड़िता बाहर आकर उससे सवाल करती नजर आती हैं। इसके बाद आरोपी अचानक उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर देता है, जिससे वे जमीन पर गिर जाती हैं। इसके बाद आरोपी कई बार हमला करता है और मौके से फरार हो जाता है। पुलिस के अनुसार, बाद में आरोपी को सड़क पर चलते हुए पकड़ा गया और उसने अपराध कबूल कर लिया। उस पर हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। वह अदालत में पेश हो चुका है और 4 मई को उसकी अगली सुनवाई तय की गई है।

## हॉर्मुज स्ट्रेट को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान युद्ध के दौरान उसके द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को पूरी तरह खोजकर हटाने में असमर्थ है, जिसके कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन हो गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात कही गई।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा बताए गए 'सुरक्षित मार्ग' वास्तव में बहुत ही सीमित हैं, क्योंकि ईरान ने जलडमरूमध्य में लापरवाही से बारूदी सुरंगें अव्यवस्थित तरीके से बिछाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और ईरान दोनों के पास समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। कुछ सुरंगें बहकर स्थान बदल सकती हैं, जबकि यह भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने प्रत्येक सुरंग का रिकॉर्ड रखा था या नहीं। अमेरिका ने दावा किया है कि बुधवार को जलडमरूमध्य को खोल दिया गया था और उन खबरों का भी खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि



■ अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा: ईरान बारूदी सुरंगों के कारण आवाजाही बहाल करने में अक्षम

ईरान जहाजों की आवाजाही रोककर शुल्क वसूल रहा है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया था कि ईरान वास्तव में जहाजों को रोक रहा है और उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेहरान को चेतावनी भी दी थी। ईरान ने कहा है कि वह तब तक समुद्री यातायात को अवरुद्ध रखेगा, जब तक इजराइल लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले बंद नहीं करता। ईरान और पाकिस्तानी मध्यस्थों का कहना है कि यह मुद्दा युद्धविराम का हिस्सा होना चाहिए था।

# इजरायल-लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 को होगी

## इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच फोन पर हो चुकी है पहली बातचीत

**यरूशलेम/बेरूत।** इजरायल और लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 अप्रैल को वाशिंगटन में होगी। यह जानकारी इजरायली मीडिया ने शनिवार को दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने कहा कि इजरायल और लेबनान के बीच अपेक्षित पहली प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार को वाशिंगटन में होगी। वाशिंगटन में लेबनानी राजदूत नाडा हमादेह, वाशिंगटन में इजरायली राजदूत एचिएल लीटर और बेरूत में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा के बीच शुक्रवार को फोन पर बातचीत हुई, जो इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच पहली बातचीत थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि इजरायल लेबनान के साथ जल्द से जल्द सीधी बातचीत करेगा। वहीं ईरान द्वारा अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता से हटने की धमकी देने के बाद इजरायल को लेबनान की राजधानी बेरूत पर अपने सैन्य हमले रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा एक उच्चस्तरीय सुरक्षा सूत्र के हवाले से किया गया है। बताया गया कि बुधवार को लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इन हमलों को रोकना, अमेरिका के साथ अस्थाई युद्धविराम वार्ता में शामिल होने की सख्त पूर्व शर्त बना दिया था। सूत्रों के अनुसार कि प्रतिरोध मोर्चे की एकता ईरान के लिए गैर-समझौतापरक थी। उन्होंने बताया कि लेबनान पर इजरायली हमलों के जारी रहने के कारण ईरानी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा कई बार टाली गई। लगातार दबाव और वार्ता से हटने की विश्वसनीय चेतावनी के चलते ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर दबाव बनाने के लिए मजबूर किया, जिसके बाद बेरूत पर हमले रोके गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वार्ता की निरंतरता इस बात पर निर्भर करेगी कि इजरायल बेरूत और उसके दक्षिणी उपनगर दहिएह पर आगे कोई हमला न करे। ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजरायल ने हमले फिर से शुरू किए, तो वार्ता प्रक्रिया तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। जबकि लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्री प्रस्ताव, जिसे ट्रम्प ने वार्ता के लिए 'कारगर आधार' बताया है, में सभी मोर्चों पर आक्रामक कार्रवाई रोकने की शर्त शामिल है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। इसी क्रम में, ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबफ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचे हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा मौतों के साथ 02 मार्च 2025 से अब तक इजरायल द्वारा युद्धविराम उल्लंघनों के कारण मारे गए लोगों की कुल संख्या 1953 हो गई है। यह युद्धविराम पिछले वर्ष इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुआ था। समझौते के तहत इजरायल को अपने हमले रोकने थे लेकिन उल्लंघनों के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती गई।



■ लेबनान में इजरायली हमलों से तीन दिन में 357 की मौत, 1223 अन्य घायल

### अमेरिका-लेबनान ने इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर हमले रोकने का किया आग्रह

**मास्को।** लेबनान ने अमेरिकी मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल से वार्ता से पहले अपने क्षेत्र पर हमले रोकने का अनुरोध किया है। यह जानकारी एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से शनिवार को दी। प्रकाशन ने दो जानकार सूत्रों का हवाले से कहा कि अमेरिका ने लेबनान के अनुरोध का समर्थन किया है और इजरायल से इसे स्वीकार करने की मांग की है लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया है। गुरुवार को नेतन्याहू के कार्यालय ने घोषणा की कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल को लेबनान के साथ सीधी बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है जिसका उद्देश्य शिया आंदोलन हिजबुल्लाह को हथियार विहीन करना और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना है।

## ईरान के नेताओं से मिले पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात की है। इस बीच ईरान की ओर से बड़ा बयान सामने आया है, जिसने इस बातचीत की दिशा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरी दुनिया की नजर इस वार्ता पर टिकी है, क्योंकि इसका असर पश्चिम एशिया की स्थिरता पर पड़ सकता है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि अगर अमेरिका अगर अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने हितों को ध्यान में रखकर बातचीत करता है तो समझौता संभव है। लेकिन अगर इजरायल फर्स्ट की सोच हावी रही तो कोई डील नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बातचीत विफल होने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। आरिफ ने साफ कहा कि अगर बातचीत असफल रही और अमेरिका व इजरायल ने फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू की तो दुनिया को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है और शांति की उम्मीद कमजोर पड़ सकती है।

# इंडो-पैसिफिक में सहयोग और सुरक्षा पर जोर

## भारत व अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग, प्रशिक्षण और सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुखअमर प्रीत सिंह की मेजबानी की।

यह आधिकारिक दौरा 8 अप्रैल को हुआ, जिसमें उन्हें जाइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग पर गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पेंटागन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया, जहां अमेरिकी वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्राय मींक से भी मुलाकात हुई। अमेरिकी वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को वाशिंगटन द्वारा दी जाने वाली महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस साझेदारी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को 'स्वतंत्र, खुला, शांतिपूर्ण और समृद्ध' बनाए रखने के लिए केंद्रीय बताया। जनरल विल्सबैक ने समान विचारधारा वाले सहयोगियों के साथ बहुपक्षीय अभ्यासों में भारत के नेतृत्व और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग को बढ़ाना क्षेत्रीय निवारण को मजबूत करने की कुंजी होगी। जनरल विल्सबैक ने कहा एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस महत्वपूर्ण समकक्ष दौरे की मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। पेंटागन में उनके पूरे दिन के दौरान, हमने आधुनिकीकरण के प्रयासों, भविष्य के प्रशिक्षण के अवसरों और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर गहन चर्चा की। बैठक में भारत द्वारा डफ-9बी स्काई गार्जियन विमान की खरीद पर भी चर्चा हुई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बात पर जोर दिया कि वे भारतीय सशस्त्र बलों को इस प्लेटफार्म को 'निर्बाध और प्रभावी ढंग से तैनात' करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाशिंगटन के अलावा, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का भी दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए एयरोस्पेस और समुद्री चेतावनी सहित नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) मिशन के बारे में जानकारी दी गई।



■ अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह की मेजबानी की

## चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना की याद में अफ्रीका में एक चैरिटी की स्थापना की थी। अब उसी चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। हैरी ने पिछले साल इस संस्था के संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया था। सेंटेबाले नामक यह संस्था बोत्सवाना और लेसोथो में एचआईवी से पीड़ित युवाओं के लिए काम करती है। सेंटेबाले ने पिछले महीने लंदन के हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अब यह जानकारी सामने आई है। आनलाइन दस्तावेजों के अनुसार, हैरी और उनके मित्र मार्क डायर (जो पहले इस चैरिटी के ट्रस्टी रह चुके हैं) पर मानहानि का आरोप लगाया गया है, हालांकि मामले से जुड़े विस्तृत दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

## युद्ध में अमेरिकी सैनिकों ने पी 9.5 लाख गैलन कॉफी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की एक ब्रीफिंग में ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जाइंट चीफ्स आफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने बताया कि इस सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने लगभग 9.5 लाख गैलन काफी पी।

जनरल कैन ने कहा कि यह संघर्ष बेहद तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इसे बेहद कठिन और लगातार दबाव वाला आपरेशन बताया। काफी के अलावा, सैनिकों ने लगभग 20 लाख एनर्जी ड्रिंक भी पी, जिससे लगातार आपरेशन के दौरान उनकी सतर्कता बनी रहे। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैनिकों ने इस अवधि में लगभग 60 लाख भोजन का सेवन किया। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में निकोटिन उत्पादों की खपत भी दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि लंबे सैन्य अभियानों में केवल हथियार ही नहीं, बल्कि लाजिस्टिक्स और मानव संसाधन भी कितने महत्वपूर्ण होते हैं। पेंटागन ब्रीफिंग के दौरान जनरल कैन ने हल्के अंदाज में कहा कि वे यह नहीं कह रहे कि कोई समस्या है, जिस पर वहां मौजूद लोगों के बीच हल्की मुस्कान देखी गई। लेकिन उन्होंने साफ किया कि यह सैन्य अभियान बेहद कठिन परिस्थितियों में संचालित किया गया। उनके अनुसार, हालात गर्म, अराजक, अंधेरे और अनिश्चित थे, जहां हर पल खतरा बना हुआ था। गौरतलब है कि करीब 40 दिनों तक चले अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष पर फिलहाल विराम लग गया है और सीजफायर लागू हो चुका है। हालांकि, हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और वैश्विक स्तर पर फिर से तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिक अभी भी अपने ठिकानों पर तैनात हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने संकेत दिया कि केवल एक आदेश के बाद संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में सबसे अधिक दबाव उन सैनिकों पर है, जो दूर-दराज के इलाकों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना कर रहे हैं।

■ डकार गए 20 लाख एनर्जी ड्रिंक, अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए



# राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी के मेकर्स ने राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने फिल्म राजा शिवाजी का शानदार पोस्टर जारी करने के बाद अब दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने फिल्म के राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन, निर्माण और मुख्य भूमिका निभा रहे रितेश विलासराव देशमुख इस एंथम में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। वीडियो में फिल्म के भव्य म्यूजकिल विजन की झलक देखने को मिलती है, जो इस ऐतिहासिक फिल्म के स्तर को और ऊंचा बनाती है। वीडियो में अजय-अतुल और उनकी टीम की मेहनत साफ नजर आती है। राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का दमदार संगीत और ऊर्जावान साउंड इसे बड़े पर्दे पर देखने का शानदार अनुभव बनाने का वादा करता है। इसका मुख्य कोरस पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज और गाया गया राजा शिवाजी एंथम छत्रपति 13 अप्रैल को रिलीज होगा। फिल्म राजा शिवा. जी में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख नजर आएंगे।

# प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया धमाल





**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने धुरंधर 2 को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक लीजेंड बताया। नेटिजन्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन फैंस इन छोटे-छोटे हिट्स को पकड़ रहे हैं और कल्पना कर रहे हैं कि यह भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कॉम्बिनेशंस में से एक हो सकता है। सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई है, जहां फैंस इसे ड्रीम कोलैब कह रहे हैं जो बड़े पैमाने पर सिनेमा और कहानी कहने के तरीके को बदल सकता है। कई लोगों का मानना है कि प्रभास की लार्जर-दैन-लाइफ स्क्रीन प्रेजेंस और आदित्य धर का दमदार निर्देशन मिलकर एक ऐसा सिनेमाई चमत्कार पेश कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस संभावित कोलैबोरेशन के स्केल को लेकर इंटरनेट पर चर्चाएं छाई हुई हैं।अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती चर्चाओं ने एक बात साफ कर दी है, दर्शक प्रभास और आदित्य धर को साथ देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## सलमान स्टारर मातृभूमि-मेय वॉर रेस्ट इन पीस का गाना लॉन्च

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना मेरा जी नहीं भरा रिलीज कर दिया है। जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। सोशल मीडिया पर इस गाने को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मेरा जी नहीं भरा एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आंखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप जीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। फर्रे और क्लास व स्ट्रेंज सिटी जैसी ओटीटी सीरीज के लिए पहचाने जाने वाले जैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं।



# नुसरत भरुचा का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान

**मुंबई।** फिल्म छोरी 2 को रिलीज हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय छोरी के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि छोरी 2 के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। छोरी 2 को रिलीज हुए आज एक साल हुए हैं और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है और उसकी वजह है नुशरत भरुचा की पर्फोर्मेंस। छोरी और छोरी 2 की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि नुसरत सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया। उनका किरदार साक्षी एक टिपिकल कमर्शियल हीरोइन जैसा नहीं है, जो बेबाक और निडर है। वह कमजा. ेर भी है और डरी हुई भी, लेकिन अंदर से मजबूत भी है और यही बैलेंस कहानी को दिलचस्प बनाता है। छोरी 2 में यह इमोशनल गहराई और भी अहम हो जाती है, क्योंकि फिल्म ज्यादा डार्क और साइकोलॉजिकल टेरिटरी में जाती है, और नुशरत हर मुश्किल मोमेंट को मजबूती से संभालती नजर आती हैं। यदि नुसरत के फिल्मी चुनावों को देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न नजर आता है और वो यह है कि वे सेफ खेलने के बजाय, हमेशा से ऐसे रोल चुनती आई हैं, जिनमें एक तरह का रिस्क शामिल हो। चाहे जनहित में जारी हो के जरिए सामाजिक मुद्दे को उठाना हो या छोरी और छोरी 2 के जरिए हॉरर में एक मजबूत मैसेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना हो, उन्होंने रिपीट करने की बजाय एक्सप्लोर करने का रास्ता चुना है।फिर भी, इन सबके बावजूद, वह अक्सर सबसे ज्यादा शोर-शराबे वाली चर्चाओं



का हिस्सा नहीं बनतीं। शायद इसलिए क्योंकि उनका बदलाव अचानक या ओवर-मार्केटेड नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे और नेचुरल तरीके से हुआ है। लेकिन यही बात उनके सफर को खास भी बनाती है। यह किसी प्लान्ड रीइंवेंशन जैसा नहीं, बल्कि एक ऑर्गेनिक ग्रोथ जैसा लगता है। आज छोरी 2 के एक साल बाद, नुसरत भरुचा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में सामने आती हैं, जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाने से नहीं डरतीं। ऐसे समय में जब दर्शक नए जॉनर और मजबूत कहानियों के लिए ज्यादा खुले हैं, उनका यह अप्रोच उनकी क्रेडिबिलिटी को और मजबूत बनाता है।

# इलजाम में वकील की भूमिका निभाएंगी न्यारा



**मुंबई।** अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलजाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलजाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलजाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलजाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अधिक गंभीर व प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

# राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी : राहुल सांकृत्यायन

**मुंबई।** निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा, मद्रास प्रेसीडेंसी, जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियां हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं।ष उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गांवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गांव की यात्रा का था, जहां उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है। यह असल कहानियां ही उनकी इस आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा की नींव हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108